

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 31 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-153 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**मुंबई,31 अगस्त।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है. इस टीम में टीम इंडिया के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को शामिल किया गया है. दरअसल, समित को भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है. बता दें कि भारतीय अंडर-19 टीम को ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम से वनडे और चार दिवसीय मैच खेलने हैं. इन दोनों फॉर्मेट की सीरीज के लिए समित को टीम इंडिया में मौका मिला है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस अंडर-19 सीरीज की शुरुआत 21 सितंबर से होगी.

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर,मौत

**कवर्धा,31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के चिल्फी घाटी में तेज रफ्तार के कहर से एक बाईक सवार की मौत हो गई. बाइक सवार को घाटी में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, ठोकर इतनी तेज थी कि युवक का एक पैर टूटकर अलग हो गया. बाइक सवार को तुरंत अस्पताल में में भर्ती कराया गया जहां उसने इलाज के दौरान ही दम तोड़ दिया. यह दुर्घटना रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर स्थित चिल्फी घाटी के इलाके में हुई है. फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जगजीवन बंजारे (45 वर्ष) के रूप में की गई है, जो मोहगांव का निवासी था. के रूप में हुई है. वह बाइक पर सवार होकर चिल्फी घाटी के एनएच 30 से गुजर रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से उसका एक पैर टूट कर अलग हो गया और अस्पताल में इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई. इस मामले में चिल्फी थाना पुलिस आगे की जांच में जुट गई है. अज्ञात वाहन और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है.

### धर्मांतरण के मामले ने पकड़ा तूल,विवाद

**जगदलपुर,31 अगस्त।** बस्तर में धर्मांतरण का मामला एक बार फिर सामने आया है. बस्तर ब्लॉक के बाकेल गांव में धर्मांतरित परिवार में मृत्यु के बाद कफन दफन को लेकर विवाद की स्थिति बनी. मौके पर पुलिस व प्रशासनिक अमला पहुंचकर विवाद को शांत कराने की कोशिश में लगे हैं. बताया जा रहा कि मृत व्यक्ति विशेष धर्म का प्रचारक था। ग्रामीण मृतक परिवार को मूल धर्म में वापसी करने के बाद ही कफन दफन करने पर अड़े रहे. काफी विवाद के बीच धर्मांतरित परिवार मूल धर्म में वापसी को तैयार हुआ. पुलिस व ग्रामीणों के समक्ष धर्मांतरित परिवार मूल धर्म में वापसी का लिखित प्रतिवेदन दिया. इसके बाद मूल धर्म के रीति रिवाज के साथ पुजारी, नाईक, पाइक व ग्रामीणों ने वापसी करवाई. मूल धर्म में वापसी के बाद ग्रामसभा द्वारा गांव में अंतिम संस्कार के लिए अनुमति दी गई।

### प्रदेश में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ीः बैज

**रायपुर,31अगस्त।** भाठागांव बस स्टैंड में महिला से अनाचार के मामले की जांच के लिए कांग्रेस कमेटी बनाएगी. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज कमेटी बनाए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार अनाचार की घटनाएं बढ़ रही है. वहीं दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ऐसे अपराध में संलिप्त लोगों पर कठोरता से सरकार कार्रवाई कर रही है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थान पर घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. अनाचार की घटनाओं पर कांग्रेस आंदोलन करेगी. वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हो रही घटनाओं के लिए सरकार और पुलिस तत्परता से कार्रवाई कर रही है.

## राजधानी में अधेड़ तो भिलाई में युवती से सामूहिक बलात्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर/भिलाई,31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में लगातार गैंगरेप की घटनाएं घट रही. आज फिर राजधानी रायपुर व भिलाई में सामूहिक बलात्कार की वारदात हो गई है। राजधानी में अधेड़ महिला से दुष्कर्म की घटना हुई है. यह घटना भाटागांव बस स्टैंड के पीछे रावणभाटा मैदान के पास की है. पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. पुलिस मामले की जांच कर रही.

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता महासमुंद जिले के सरायपाली की रहने वाली है. 3 दिन पहले पारिवारिक विवाद के चलते घर छोड़कर बस स्टैंड के पास रह रही थी. टिकरापारा थाना टीआई ने बताया, दुष्कर्म का मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है. पूछताछ की जा रही है. सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया, एक महिला ने टिकरापारा थाने में आकर शिकायत की है. उसके साथ बलात्कार की घटना हुई है. आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. महिला बस स्टैंड में ही रह रही थी. इस दौरान एक व्यक्ति ने ड्रिंक में नशीली पदार्थ मिलाकर उसे पिलाया. फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पहले घटना में काफी लोगों के होने का क्लू मिला था. जांच में एक ही व्यक्ति के आने की बात सामने आई है. मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है



**भिलाई** जामुल थाना क्षेत्र में गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवती को पहले से शादीशुदा प्रेमी और उसके दो दोस्तों ने मिलकर हवस का शिकार बनाया। पीड़िता और तीनों आरोपी छावनी बस्ती के रहने वाले हैं। जामुल थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (1) के तहत अपराध कायम किया है। गैंगरेप के इस वारदात को जामुल थाना इलाके में छावनी बस्ती के आईटीआई मैदान स्थित खंडहर में अंजाम दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने छावनी बस्ती निवासी टिकेश्वर साहू ( 24 वर्ष ), धनेन्द्र साहू ( 28 वर्ष ) व परमेश्वर यादव ( 24 वर्ष ) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में शामिल टिकेश्वर साहू शादी शुदा है और उसका पीड़िता से प्रेम संबंध था। इसी के चलते टिकेश्वर ने पीड़िता को छावनी आईटीआई मैदान के पास खंडहर में बुलाया था छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि अपराध करने से पहले आरोपी टिकेश्वर ने धनेन्द्र और परमेश्वर के साथ शराब सेवन किया। इस दौरान उसने खंडहर में प्रेमिका से मिलने जाने की बात दोनों से की और वहां से निकल गया। इसके बाद धनेन्द्र और परमेश्वर भी पीछे से खंडहर में पहुंच गए। वहां टिकेश्वर और पीड़िता को आपत्तिजनक स्थिति में देखा और लोगों को बता देने की धमकी देकर खुद भी अनाचार कर भाग निकले परिजनों को जानकारी होने पर जामुल थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर फैसलों में आए तेजी : मोदी

**नई दिल्ली,31 अगस्त।** कोलकाता रेप कांड की सीबीआई जांच के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश को उनके खिलाफ अपराध के मामलों में तेजी से फैसले की जरूरत है। इस दौरान देश के मुख्य न्यायधीश डीवीआई चंद्रचूड़ सहित सुप्रीम कोर्ट के कई बड़े जज मौजूद थे। आपको बता दें कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था और पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर कई सवाल खड़े किए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा, समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं, लेकिन हमें इसे और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही बड़ा भरोसा मिलेगा। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में टिकट और सिक्के का अनावरण किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 वर्षों में देश ने न्यायिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि न्यायिक बुनियादी ढांचा पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 वर्षों में ही हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका संविधान की संरक्षक मानी गई है ये अपने आप में एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हम संतोष के साथ कह सकते हैं कि हमारी सुप्रीम कोर्ट, हमारी न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाहन प्रयास किया है। आजादी



के बाद न्यायपालिका ने न्याय की भावना की रक्षा की, जब-जब देश की सुरक्षा का प्रश्न आया तब न्यायपालिका ने राष्ट्र हित सर्वोपरि रखकर भारत की एकता की रक्षा की। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। इस यात्रा में हमारे संविधान निर्माताओं का और न्यायपालिका के अनको मनीषियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है।

## कांग्रेस हमेशा अपराध और अपराधियों के साथ खड़ी होती हैः अरुण साव

**रायपुर,31अगस्त।** कांग्रेस ने 25 राज्यों के प्रभारी सचिव बदले जाने और देवेंद्र यादव को प्रभारी सचिव बनाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि जेल में बंद कार्यकर्ता को प्रभारी बनाना कांग्रेस की परंपरा है. कांग्रेस पार्टी हमेशा से अपराध और अपराधियों के साथ खड़ी होती है. कोलकाता की घटना में कांग्रेस का मुंह बंद क्यों है. लड़की हूं, लड़ सकती हूं, कहां है. तीजा-पोरा पर महिलाओं को साय सरकार उपहार देगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महतारी वंदन योजना की 7वीं किस्त जारी करेंगे. इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सरकार भी इस त्योहार में सहभागी बन रही है. 70 लाख से अधिक महिलाओं को हम महतारी वंदन का लाभ दे रहे हैं. तीजा के पर्व पर हमारी माता-बहनों को उपहार दिया जाएगा. छत्तीसगढ़ में 18 ट्रेनों के फिर से रद्द होने पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर विकास के काम पर राजनीति करती है. विकास से कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना है ही नहीं. विकास के काम लगातार रेलवे में हो रहा है. कांग्रेस को देखना चाहिए 2014 के पहले रेलवे की क्या हालत थे. तेज गति से रेलवे विकास का काम कर रहा है. विकास के काम होते तो थोड़ा अवरोध होता है. देश के लोगों को विश्व स्तरीय सुविधा मिलेगी. धर्मांतरण किए लोगों को आरक्षण मिलने के सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश भर में इसको लेकर विमर्श चल रहा है. इस पर विमर्श करके आगे बढ़ाने की आवश्यकता है. आरक्षण की जिनको आवश्यकता है, उसके हकदार हैं, जो विमर्श चल रहा है वह किसी कन्क्लूशन पर पहुंचना ही चाहिए. भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद के छत्तीसगढ़ दौरे पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सभी राजनीतिक दल को अपना कार्यक्रम करने का अधिकार है. कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ में शांति सद्भाव को कोई प्रभाव न पड़े. कानून व्यवस्था पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े.

## भारत को समझने में गलती हो गईः चीन

**नई दिल्ली,31 अगस्त।** पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक और सामरिक क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी एक मजबूत पहचान बना रहा है। यही वजह है कि कभी भारत को कमजोर समझने वाला चीन अब अब ये मानने पर मजबूर हो गया कि उसे भारत को समझने में गलती हो गई। दरअसल, चीनी थिंक टैंक शंघाई इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज की हालिया रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया कि चीन ने भारत को लेकर अपने अनुमान में गलती की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2014 से 2024 के बीच आर्थिक और सैन्य दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त प्रगति की है। चीन को ये भ्रम था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की पार्टी की सीटें घटने से उनके फैसले करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। लेकिन पीएम मोदी ने अपनी क्षमता से चीन के सभी भ्रमों को दूर कर दिया है। 2014 से पहले चीन भारत के सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को कमजोर मानता था। उसे लगता था कि भारत कभी भी चीन का मुकाबला नहीं कर पाएगा। लेकिन पिछले एक दशक में भारत ने अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में जिस तेजी से सुधार किया उससे चीन भी हैरान है। चीन हमेशा से मानता रहा है कि भारत कभी भी उसकी तकनीकि और सामरिक क्षमताओं का सामना नहीं कर पाएगा। लेकिन भारत ने न केवल अपने रक्षा बजट में इजाफा किया बल्कि अपनी सीमावर्ती इलाकों में सैन्य तैयारियों को मजबूत किया। भारत ने चीन से सटे सीमाओं पर सैन्य तैयारियों पर सुधार किया। भारत ने 2026 तक सीमा सुरक्षा के मामले में चीन को पीछे छोड़ने का लक्ष्य रखा है। भारत और चीन के बीच 29 अगस्त को बीजिंग में वर्किंग मैकेनिज्म ऑन कंसल्टेंशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 31वें दौर की बैठक हुई। इसमें चीन भारत के साथ सीमा समझौते को मानने के लिए तैयार हो गया है। बॉर्डर पर तमान कम करने पर भी सहमति बनी है। बैठक के बाद भारत का कहना है कि चीन के साथ वार्ता स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी रही है। बीजिंग नई दिल्ली के साथ अपने सीमा-संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करने पर भी सहमत हुआ। जयशंकर ने देश के रणनीतिक महत्व को स्वीकार किया। चीन के मामले में पके सामने दोहरी पहेली है, क्योंकि यह एक पड़ोसी और एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने कहाक कि इसलिए, चीन के साथ चुनौतियां इस दोहरी परिभाषा में फिट बैठती हैं। जयशंकर ने म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव के साथ संबंधों की जटिलताओं पर भी चर्चा की और बताया कि हालांकि इन रिश्तों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ये क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## बलौदाबाजार हिंसा : थाने में 13 एफआईआर दर्ज, 2500 पेज का चालान पेश

### पुलिस ने 356 लोगों को बनाया है आरोपी, अब तक 183 की गिरफ्तारी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा, आगजनी मामले में पुलिस ने कोर्ट में महत्वपूर्ण चालान पेश किया है। जिसमें जिला संयुक्त कार्यालय में हुई आगजनी की घटना से संबंधित दस्तावेज हैं. पुलिस सिटी कोतवाली थाना में दर्ज 13 एफआईआर में 10 चालान पहले ही पेश कर चुकी है. वहीं संयुक्त जिला कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जलाए जाने के दो मामलों में 61 आरोपी बनाए गए थे, जिसका चालान पेश किया गया.आगजनी के मुख्य मामले में पुलिस 1325 पेज और 1200 पेज का चालान पेश किया है. बता दें कि जिले की इस आगजनी हिंसा में शासन को 13 करोड़ की क्षति हुई थी. वहीं पुलिस अब तक 183 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है. पूरे अपराधों मे शामिल अभियुक्तों की बात करें तो 356 आरोपी हैं. अभी भी इस घटना की जांच जारी है और तकनीकी टीम का सहारा लेकर आरोपियों की तलाश की जा रही है.एसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि इस घटना की जांच करने दस्तावेज बनाने में ही लगभग 70 विवेचकों ने दिन रात मेहनत की है, जिसका परिणाम है कि इतनी बड़ी घटना का हम साक्ष्य संकलन के साथ दस्तावेज बनाने में कामयाब हुए हैं. कम समय में लगातार चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर रहे हैं. अभी भी जांच प्रक्रिया प्रारंभ है. बता दें कि ग्राम महकोनी में 15 व 16 मई की दरम्यान रात अमरगुफा के जैतखाम काटे जाने के बाद सतनामी समाज का गुस्सा फुटा था और पुलिस ने आनन फानन में बिहार के तीन मजदूरों को आरोपी बनाकर न्यायालय में पेश कर मामले का पटाक्षेप किया था, पर समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए और सीबीआई जांच की मांग की. धीरे धीरे यह क्रोध ज्वालामुखी बन गया और 10 जून को आगजनी की घटना घटी, जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी. इस पूरे घटनाक्रम को किसने तुल दिया, किसका मार्गदर्शन रहा, किसने बाहरी लोगों को बुलाया, किसने इतने बड़े आयोजन के लिए चंदा दिया और किसने भीड़ को इस तरह के कार्य के लिए उकसाया, यह जांच का विषय है. फिलहाल घटना के बाद शासन-प्रशासन जांच में जुटी. अब तक 183 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है, जिसमें विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी के साथ कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव शामिल हैं, जो अभी जेल के सलाखों के पीछे न्यायिक हिरासत में हैं.

## सीएम के निर्देश पर गांजों तस्करों के बड़े रैकेट का भंडाफोड़

**रायपुर,31 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पुलिस सक्रिय हो गई है। मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ लगातार कारवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रायगढ़ पुलिस द्वारा गंजा तस्करों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को कहा था। निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों पर बिलासपुर रेंज आईजी डॉ0 संजीव शुक्ला एवं एसपी दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर बीते 28 अगस्त को जूटमिल पुलिस द्वारा कोड़ातराई के पास गांजा रेड की बड़ी कार्यवाही कर एक महिला समेत 05 आरोपी को पकड़ा गया था, जिनसे 175 किलो गांजा, एक अल्टो कार और एक छोटा हाथी पिकअप वाहन (कुल 43 लाख रूपये की संपत्ति) जप्त किया गया था, गिरफ्तार मुख्य आरोपी संतराम खुंटे सक्ती (छ.ग.) और इनके साथियों से कड़ी पूछताछ की गई।आरोपियों से प्रारंभिक गिरफ्तारी के बाद गहन पूछताछ की गई और गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके कार्यप्रणाली की जानकारी एकत्र कर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर डॉ संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस एवं बिलासपुर पुलिस की 5 अलग अलग विशेष टीम बनाई गई जिन्हें अलग-अलग लोकेशन में रवाना किया गया, पुलिस टीमों ने सूझबूझ और अपनी व्यावसायिक क्षमता का बखूबी परिचय देते हुए जिला बउत (ओडिशा), जिला बिलासपुर, ग्राम पिहरीद व ग्राम चारपारा जिला सक्ती (छ.ग.) में दबिश देकर गिरोह के संपूर्ण नेटवर्क को ध्वस्त किया।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के लिए मुक्त ऋण मिलेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,31 अगस्त।** माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना' के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इसके लिए विशेष अभियान चलाने कहा है। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं।

छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबुझमाड़िया एवं बिरहोर बाहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 10 सितंबर तक मेगा अभियान चलेगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित है।

## पति का पत्नी के स्त्रीधन पर कोई नियंत्रण नहींः सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, 31 अगस्त ।** तीन साल बाद, राव ने हैदराबाद में अपनी बेटी के पूर्व ससुराल वालों के खिलाफ स्त्रीधन वापस करने की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज की। पूर्व ससुराल वालों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए असफल रूप से तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख किया। फिर उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला रद्द कर दिया और कहा कि पिता के पास अपनी बेटी का स्त्रीधन वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वह पूरी तरह से उसका था।उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति को एक महिला को उसके खोए हुए सोने के बदले में 25 लाख रुपये देने का निर्देश देते हुए दोहराया है कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई नियंत्रण नहीं होता है और वह संकट के समय में इसका इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसे अपनी पत्नी को लौटाना उसका नैतिक दायित्व है।इस मामले में महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके



परिवार ने उसे 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। इसके अतिरिक्त, शादी के बाद, उसके पिता ने उसके पति को 2 लाख रुपये का चेक दिया।महिला के अनुसार, शादी की पहली रात को, पति ने उसके सभी आभूषणों की कस्टडी ले ली और सुरक्षा की आड़ में अपनी मां को सौंप दिया। उसने आरोप लगाया कि पति और उसकी मां ने अपनी पहले से मौजूद वित्तीय देनदारियों को पूरा करने के लिए सभी आभूषणों का गबन कर लिया।पूर्व ससुराल वालों ने एफआईआर को रद्द करने के लिए असफल रूप से तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख किया। फिर उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की. न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला रद्द कर दिया और कहा कि पिता के पास अपनी बेटी का स्त्रीधन वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि वह पूरी तरह से उसका था। जस्टिस करोल ने फैसला लिखते हुए कहा कि आम तौर पर स्वीकृत नियम, जिसे न्यायिक रूप से मान्यता दी गई है, वह यह है कि महिला संपत्ति पर पूर्ण अधिकार रखती है।

## आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगी सुनीता विलियम्स

**नईदिल्ली, 31 अगस्त ।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुश विल्मोर के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसी हैं। उनको अंतरिक्ष में दो महीने से ज्यादा बीत गया है। वहीं, अब नासा ने उनको वापस लाने के लिए 2025 की फरवरी का समय तय किया है। इसी के साथ वह अंतरिक्ष में आठ महीने रहेंगी। इस बीच सुनीता विलियम्स ने एक और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री रहीं, कल्पना चावला की याद दिला दी है। कल्पना चावला एक भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और इंजीनियर थीं, जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली भारतीय मूल की पहली महिला बनकर इतिहास रचा दिया था। उन्होंने दो अंतरिक्ष शटल मिशनों पर उड़ान भरी पहली 1997 में एसटीएस-87 और दूसरी 2003 में एसटीएस-107।दुख की बात है कि कल्पना चावला का जीवन तब समाप्त हो गया जब एक फरवरी, 2003 को अंतरिक्ष शटल कोलंबिया पुनः प्रवेश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उनकी और चालक दल के छह अन्य सदस्यों की मृत्यु हो गई। कोलंबिया दुर्घटना से पहले, 28 जनवरी,



1986 को अंतरिक्ष यान चैलेंजर में विस्फोट हो गया था और सभी चालक दल मारे गए थे। कुल मिलाकर, इन दुर्घटनाओं में 14 अंतरिक्ष यात्रियों की जान चली गई है। कल्पना चावला की मृत्यु ने नासा को गहरा घाव दिया है। नेल्सन ने कहा कि अंतरिक्ष उड़ान अपने सबसे सुरक्षित और सबसे नियमित होने पर भी जोखिम भरी है।एक परीक्षण उड़ान, स्वभाव से, न तो सुरक्षित है और न ही नियमित। बुच और सुनीता को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर रखने और बोइंग के स्टारलाइनर को चालक दल के बिना घर लाने का निर्णय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। कल्पना चावला की दक्षिणी अमेरिका के आसमान में उस समय मृत्यु हो गई जब निर्धारित लैंडिंग से 16 मिनट पहले अंतरिक्ष यान कोलंबिया और उसका दल पुनः प्रवेश के दौरान टूट गए। वह 1976 में कल्पना की प्रारंभिक पढ़ाई हरियाणा के करनाव के टैगोर बाल निकेतन में हुई। कल्पना जब आठवीं कक्षा में पहुचीं तो उन्होंने इंजीनियर बनने की इच्छा प्रकट की और 1982 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीएससी की डिग्री हासिल की।

अमेरिका में आगे की शिक्षा पूरी करने के बाद वह 1994 में एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में नासा में शामिल हुईं। कल्पना जी मार्च 1995 में नासा के अंतरिक्ष यात्री कोर में शामिल हुईं और वे 1997 में अपनी पहली उड़ान के लिए चुनी गयीं थी।स्पेसएक्स अंतरिक्ष यात्रियों को वापस ला सकता है, लेकिन इसके लिए उन्हें फरवरी तक वहीं रखा जाएगा। अगर नासा यह निर्णय लेता है कि स्पेसएक्स से दोनों की वापसी होगी तो स्टारलाइनर सितंबर में खाली पृथ्वी पर लौट आएगा।

## पैसा डबल करने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**सरगुजा,31 अगस्त।** सरगुजा के युवक को यूनाइटेड किंगडम से व्हाट्सएप कॉल आया और युवक 6.10 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। युवक को निवेशित रकम 120 दिनों दोगुना करने का झांसा देकर ट्रीटियम ऐप डाउनलोड कराया गया था। युवक ने अपना एकाउंट बना किश्तों में राशि जमा की। जब युवक ने अपना पैसा वापस निकालना चाहा तो पैसे नहीं निकल रहे हैं। युवक ने ठगी की शिकायत दरिमा थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, छिंदकालो निवासी गोलू दास के मोबाइल फोन पर यूनाइटेड किंगडम से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वालों ने बताया कि ट्रीटियम ऐप में पैसा लगाने पर अधिक ब्याज मिलेगा और 60 से 120 दिनों में पैसा दोगुना हो सकता है। कॉल करने वालों के कहने पर युवक ने ऐप डाउनलोड किया। गोलू दास ने ऐप डाउनलोड कर अपना 79720 रुपए लगाया। उसने अपने दोस्त अजय सिंह के अकाउंट से 198690 और 92 हजार रुपए फिर 59 हजार रुपए फोन पे और गुगल पे के माध्यम से ऐप में जमा कराया और अजय सिंह को कैश दे दिया। एक अन्य दोस्त संतोष कुमार कुशवाहा के अकाउंट से 56383 रुपए, संजय कुमार के एकाउंट से 17440 रुपए एकाउंट में डाले।

# झारखण्ड विस चुनाव में पंडरिया विधायक भावना बोहरा को पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 31 अगस्त।** झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। आज झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा के नेतृत्व में विधानसभा प्रवासी प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित अन्य प्रदेशों के प्रवासी प्रभारी सम्मिलित हुए। विदित हो कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता को देखते हुए झारखण्ड विधानसभा चुनाव में पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने भावना बोहरा को झारखण्ड के पूर्वी सिंह भूमि और जमशेदपुर महानगर के अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभा बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका,जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के प्रवासी प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। इसके पूर्व भी भावना बोहरा को 2024 लोकसभा चुनाव में झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा का प्रवासी प्रभारी बनाया था जहाँ से भाजपा के निशिकांत दुबे ने बड़ी जीत हासिल की थी।इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मैं केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूँ की उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसके पूर्व भी लोकसभा चुनाव में मुझ पर विश्वास जताते हुए पार्टी द्वारा गोड्डा लोकसभा की जिम्मेदारी सौंपी थी जिसे मैनें पूरी निष्ठा से अपने



कर्तव्यों का पालन किया और इस बार भी मैं पूरे समर्पण भाव से पार्टी की विचारधारा, विकास नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में हुए ऐतिहासिक कार्यों एवं जनहित की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का कार्य करुँगी। भाजपा ने हमेशा ही सबका साथ,सबका विकास का उद्देश्य लेकर चलने वाली पार्टी है। इस चुनाव में भी हम इसी उद्देश और जनता के हित को लेकर अपनी बातें उनके समक्ष रखेंगे और पिछले चुनाव से भी अधिक ताकत के साथ इस चुनाव में हम जनता तक अपनी बातें पहुंचाएंगे। मोदी जी ने विकसित भारत के जो संकल्प किया है उसमें जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जनता को भी प्रोत्साहित करते हुए झारखण्ड का विकास और झारखण्ड को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए जनता से समर्थन मांगेगे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि झारखण्ड विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी। पिछले पांच वर्षों में झारखण्ड में केवल भ्रष्टाचार हुआ है और जनता के अधिकारों का हनन किया गया। आज झारखण्ड की जनता स्वच्छ पानी, बिजली, पक्की सड़कें और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के आभाव से जूझ रहें हैं। जेएमएम, कांग्रेस और राजद के गठबंधन वाली सरकार में करोड़ों के भ्रष्टाचार और नोटों के पहाड़ मिले हैं जो कि जनता के खून पसीने की कमाई थी उसे इस सरकार ने लुटने का काम किया है। चुनाव में बड़े-बड़े वादे किये लेकिन पिछले पांच वर्षों में वो सभी घोषणाएं केवल कागजों में ही रही। जनता अपने अधिकारियों के लिए चिल्लाती रही लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार के नेताओं और मंत्रियों के कानों में जूँ भी नहीं रेंगी। लेकिन अब जनता उन्हें बताएगी और उनके अधिकारों का जिस प्रकार हनन किया गया, उनके खून पसीने की कमाई को लुटने वालों को जनता इस बार सत्ता से बाहर करेगी और भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार जरुर बनाएगी।भावना बोहरा ने कहा कि झारखण्ड में आदिवासी समाज के सदस्यों के साथ जिस प्रकार झारखण्ड की भ्रष्ट सरकार द्वारा उनके अधिकारों की छिना जा रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा जनजातीय समाज के उत्थान, सशक्तिकरण और सम्मान के लिए जनहितकारी योजनाओं का सञ्चालन कर रही है। मूलभूत सुविधाओं से लेकर उन्हें पक्के आवास,स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सुगम सड़कों के माध्यम से जनजातीय समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही हैं। आज देश के सर्वोच्य पद राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू जी को देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनाकर एवं हमारे छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश के मुखिया के रूप में आदिवासी समाज से आने वाले विष्णु देव साय जी को मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी समाज को सम्मान देने के काम भाजपा ने किया है। नियद नेल्लार जैसी योजनाओं का सञ्चालन कर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ें और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए भाजपा सरकार निरंतर बड़े निर्णय ले रही है।

## एक नजर

### बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट



**भिलाई, 31 अगस्त।** भिलाई बजरंग दल के कार्यकर्ता अमित लखवानी के साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर थाने में छोड़कर फरार होने के मामले में निगम सभापति की जमानत याचिका खारिज हो गई है मिली जानकारी के मुताबिक सिरसाकला भिलाई तीन निवासी निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर की ओर से अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने जमानत याचिका न्यायालय दुर्ग में पेश किया था लेकिन न्यायालय ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया जमानत याचिका प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शेख अशरफ के यहां लगाई गई थी। गौरतलब हो कि 26 अगस्त की शाम भिलाई तीन स्थित होटल में अमिल लखवानी बैठा हुआ था। तभी सभापति कृष्णा चंद्राकर, पार्षद टी रमन्ना, अभिषेक वर्मा, पप्पू भिलाई चरोदा निगम चंद्राकर, नजरुल इस्लाम, अशफाक अहमद समेत अन्य लोग स्कार्पियों वाहन से पहुंचे थे अमित के साथ गाली गलौज कर उसे मारपीट कर वाहन में बिठाकर अपने साथ थाने लेकर गए ।

### समीक्षा बैठक



**भिलाई, 31 अगस्त।** भिलाई दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को दोषमुक्त से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधिकारियों, लोक अभियोजकों और संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जमानत निरस्तीकरण के मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा हुई कि जमानत मिलने के बावजूद दोषियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके दिए गए निर्देश समीक्षा के दौरान पिछले समय में त्रुटिपूर्वक मामलों पर विचार किया गया और उनके सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिन मामलों में कोर्ट द्वारा दोषमुक्ति दी गई है, उन पर अपील करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और प्रमाणिकता पर गहन विचार-विमर्श हुआ। लोक अभियोजकों को विचारण के दौरान किन महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए, इस पर विशेष चर्चा की गई। अभियोजकों को उचित प्रमाण, गवाहियों और संबंधित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के निर्देश दिए गए 91 मामले पर की गई चर्चा समीक्षा बैठक में विवेचना और अभियोजन अधिकारियों की त्रुटि के कुल 91 मामले पर चर्चा की गई। जिसमे दुर्ग के 74, बालोद के 10, बेमेतरा के 7 प्रकरण है। समीक्षा में जिन जिन प्रकरणों में विवेचना अधिकारियों की त्रुटि से अपराधी दोषमुक्त हुए हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया साथ ही जिन प्रकरणों में अभियोजन अधिकारियों की लापरवाही से दोषमिक्ति हुई है, उनमें पुलिस अधीक्षक को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर अग्रिम कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया न्यूनतम त्रुटियों पर किया फोकस आईजी गर्ग ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और सतर्कता से निभाएं ताकि दोषमुक्ति के मामलों में न्यूनतम त्रुटियां हों और न्यायिक प्रक्रिया में मजबूती बनी रहे। यह बैठक दुर्ग रेंज में अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी

### सब्जी सस्ती होने से ग्राहक खुश

**कवर्धा, 31 अगस्त।** सब्जी की लगातार दाम बढ़ने से ग्राहक चिंतित थे लेकिन शुक्रवार को पोड़ी में बाजार में टमाटर , भिंडी , मूंगा सस्ते दरों पर मिलने से ग्राहकों में खुशी की लहर दिख रही थी । विनोद चंद्रवंशी ने बताया की बहुत दिनो के बाद झोले में भरकर लोग सब्जी खरीद रहे है और कई ग्राहकों के झोले भरे हुए दिखे ।

### शिक्षक सम्मान समारोह 1 को

**भिलाई।** भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा को हमेशा से विशेष महत्व दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए, मनोज राजपूत लेआउट्स और रेडियो स्टेशन 94.3 माय एफएम द्वारा दुर्ग संभाग के शिक्षकों के सम्मान हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह शिक्षक सम्मान समारोह 1 सितम्बर 2024 को दुर्ग में आयोजित होगा, जिसमें दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 700 से अधिक शिक्षक शामिल होने जा रहे हैं। इस कार्यक्रम का औपचारिक पोस्टर लांच दुर्ग स्थित जेआरडी मल्टीपरपज़ हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इस मौके पर कई महत्वपूर्ण हस्तियां उपस्थित थीं, जिनमें एमआर लेआउट्स के डायरेक्टर मनोज राजपूत, प्रवास बघेल उपसंचालक जेडी कार्यालय दुर्ग, अमित घोष सहायक संचालक डीईओ ऑफिस दुर्ग, डॉ. पुष्पा पुरुषोत्मान उप प्राचार्य, कृष्णा अग्रवाल प्राचार्य आदर्श कन्या स्कूल दुर्ग, श्रीमती कल्पना प्राचार्य इन्दु आई टी, श्रीमती प्रेमलता प्राचार्य तीतुरडीह दुर्ग, और श्रीमती श्रीलेखा विरुलकर डायरेक्टर एमजे कॉलेज शामिल थे।

इस दौरान 94.3 माय एफएम की टीम भी मौजूद रही। ज्ञातव्य हो कि मनोज राजपूत सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान देते रहते हैं, उनकी अगुवाई में मनोज राजपूत लेआउट्स ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

जिससे समाज को मजबूत और समृद्ध बनाने में योगदान मिला है। शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मिलित होने वाले शिक्षकों का चयन उनके विद्यालयों और संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर किया गया है।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा, धीमा कार्य करने वाले ठेकेदारों को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,31 अगस्त।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यपालन अभियंता दिलीप राजपूत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे । कलेक्टर महोबे ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएँ समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य की जानकारी लेते हुए धीमी कार्य करने वाले 9 ठेकेदारों को नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। वही कार्य प्रारंभ नही करने वाले एक ठेकेदार को दिए गए नोटिस का निर्धारित समय में जवाब नही मिलने पर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 486 ग्रामों में 1 लाख 31 हजार 380 घरेलू नल कनेक्शनो में जल प्रदाय प्रारंभ किया जा चुका है और 174 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएं। जल की कमी से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तायुक्त कार्य पूरा करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यो की ग्रामवार समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों से ग्राम वार प्रगति की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए समस्त अधिकारियों कर्मचारियो को निर्देशित कर लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता दिलीप राजपूत ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत कबीरधाम जिले के 959 ग्रामों के लिए योजना तैयार की गई है, जिसमे से रेट्रोफिटिग की 231, सिंगल विलेज की 542 व सोलर पंप आधारित 186 ग्राम सम्मिलित है। सभी ग्रामों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



## कलेक्टर ने स्वामी करपात्री स्कूल में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई

**कवर्धा, 31 अगस्त।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कवर्धा के स्वामी करपात्री जी स्कूल पहुंचकर स्कूली बच्चों को कृमिनाशक दवाई खिलाने अभियान की शुरूआत की। कलेक्टर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई।

# सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्रों की बैठक, कार्यकर्ताओं से चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 31 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी आगामी समय में भाजपा केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक एक व्यापक महा सदस्यता अभियान संगठन पर्व के रूप में मनाएगी ।जिसमे पार्टी के सक्रिय कार्यकर्त्ताओं और नेताओं को सदस्यता अभियान में भाग लेने और अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया हैं।प्रत्येक बूथ पर 200 के लक्ष्य,हैं।5 सितंबर को मंडल सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया जायेगा। 30 अगस्त को मंडल के सभी शक्ति केंद्र में बैठक आयोजित किया गया। 2 सितंबर 2024 को दिल्ली में राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ,3 सितंबर 2024 को प्रदेश सदस्यता अभियान का शुभारंभ,4 सितंबर 2024 को जिला सदस्यता अभियान का शुभारंभ, 6 सितंबर 17 सितंबर 2024 तक बूथ सदस्यता अभियान 19 सितंबर से 25 सितंबर 2024 तक सामुहिक सदस्यता अभियान का शुभारंभ होगा,मिस कॉल करके बनाया जायेगा सदस्यता नमो ऐप, बार कोड,से भी बनेगा सदस्यता।आज के बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु,गजेंद्र साहू,लेखराम साहू,नवाब खान,ललित देवांगन,लोकेश्वर प्रसाद चंद्रकार,ओमल लाल साहू,बैशाखुराम साहू,इमरान खान,जसलोक साहू,हिकेश्वर साहू,रवि गोस्वामी,धनराज साहू,गोवर्धन साहू,सतीश,नीलकंठ,राहुल,रामसुख,लेखराम,पुराणिक राम साहू,सहित अधिक संख्या में कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

## भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी

**उतई, 31 अगस्त।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को मंडलों में सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल के अनुमोदन एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की स्वीकृति से दुर्ग जिले के सभी 13 मंडलों में सदस्यता प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी दी गई।सदस्यता अभियान के दुर्ग जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि जिले के वरिष्ठ नेता मंडल सदस्यता प्रभारी के रूप में अपने-अपने प्रभार मंडल में सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल सदस्यता टोली का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ समुचित दिशा निर्देश भी प्रदान करेंगे साथ ही मंडल से समन्वय कर सदस्यता अभियान हेतु शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर स्वयं की एवं मंडल में निवासरत वरिष्ठ नेताओं के प्रवास की कार्ययोजना बनाएंगे।मंडल सदस्यता प्रभारी के रूप में गंजपारा सदर में चतुर्भुज राठी, चंडी शीतला में डॉ. मानसी गुलाटी, सिकोलाभाटा पटरीपार में रजा खोखर, कसारीडीह बोरसी में अजय तिवारी, अंजोरा में प्रितपाल बेलचंदन, उतई में रोहित साहू, उत्तर पाटन में राजेश चंद्राकर, मध्य पाटन में संतोष सोनी, दक्षिण पाटन में हर्षा चंद्राकर, जेवरा सिरसा में कांतिलाल बोथरा, अहिवारा में रविशंकर सिंह, धमधा में अरविंदर सिंह खुराना बोरी लिटिया में जितेंद्र साहू को जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार सदस्यता अभियान को जमीनी स्तर पर गति प्रदान करने के लिए हर मंडल में चार सदस्यीय टोली का गठन किया गया है।जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, और डॉ. मानसी गुलाटी के बीच जिले के 13 मंडलों का कार्य विभाजन किया गया। सदस्य रविशंकर सिंह द्वारा अहिवारा, धमधा, बोरी लिटिया और जेवरा सिरसा में जानकारियों और सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा तथा जिला सदस्य रोहित साहू उतई, अंजोरा, मध्य पाटन, उत्तर पाटन, दक्षिण पाटन में जानकारियों और सूचनाओं को प्रसारित करेंगे तथा सदस्य डॉ. मानसी गुलाटी द्वारा चंडी शीतला, गंजपारा सदर, सिकोला पटरीपार और कसारीडीह बोरसी मंडल में जानकारियों और सूचनाओं को प्रसारित किया जाएगा।



## मॉडल आंगनबाड़ी में कृमि दिवस मनाया गया

**कवर्धा, 31 अगस्त।** माडल आंगनबाड़ी में नीलम पारख मैडम के द्वारा बच्चों को कृमि दवाई खिलाकर कृमि दिवस का शुभारंभ किया गया और श्रीमती सुलोचनी ठाकुर अदिति ठाकुर मीना साहू स्वास्थ्य कर्मी पिंकी खरे और सभी आंगनबाड़ी के बच्चों ने मिलकर कृमि दिवस मनाया एवं एक-एक करके सभी बालक बालिकाओं को कृमि की दवा खिलाकर एवं क्रीमी के बारे में वार्ड वासियों को जानकारी दिया गया सभी को कृमि के क्या लक्षण है लक्षण एव कृमि को दूर कैसे किया जाता है इसके बारे में जानकारी दिया गया ।

# बेदखली अभियान में तोड़े गये दुकानदारों के लिए बनेगा व्यवस्थित वेंडिंग जोन

**भिलाई 31 अगस्त।** महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में नगर निगम भिलाई में एमआईसी की बैठक आहूत की गई। जिसमे जनता के हितार्थ विभिन्न बिन्दुओ पर विचार विमर्श करके निर्णय लिया गया। समिति के समक्ष प्रमुख रूप से जलकार्य विभाग द्वारा श्रम विभाग द्वारा निर्धारित श्रमिक दर के आधार पर कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्राकल्लन विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था। जिसमें 15 कुशल, 28 अर्द्धकुशल एवं 39 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु 152.25 लाख का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। चर्चा उपरांत समिति ने प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति तथा बजट आबंटन करते हुए सर्व सम्मति से अनुशंसा प्रदान की। जिससे नगर को पेयजल की पूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो सके। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर अंतर्गत शंकरा कालेज के समीप एवं वार्ड क्रं. 01 जुनवानी चौक के पास वेंडिंग जोन निर्माण करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसकी समिति ने प्रशंसा की समिति के सदस्यों ने स्थल पर वेंडिंग जोन बनाने से पहले यह चिन्हित करने के लिए कहा कि वहां स्थानीय रूप से जिन विक्रेताओ द्वारा व्यापार किया जा रहा था, उन्हे ही व्यवस्थापित किया जावे। गौरतलब है, कि उपरोक्त स्थानो पर बेदखली की कार्यवाही की गई थी। उन्ही दुकान संचालको को वेंडिंग जोन बनाकर व्यवस्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा गया था। समिति का सुझाव था कि जिन व्यापारियो को वहां से बेदखल किया गया है, उन्ही को ही दुकाने प्रदान किया जाये। नगर निगम भिलाई के जोन 01 द्वारा बेदखली के पूर्व सभी की सूची बना ली गई थी सभी के फोटोग्राफ एवं वीडियो शुटिंग भी कराया गया है। सभी सदस्यो का मत था कि वेंडिंग जोन व्यवस्थित होना चाहिए, सभी सुविधा युक्त होना चाहिए। स्थानीय व्यापार करने वालो के अतिरिक्त जगह बचती हो तो शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो का पालन करते हुए अन्य लोगो को आबंटन किया जावे। सभी सुविधा युक्त मानचित्र बनाकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, केशव चैबे, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दामाद की हत्या, सास व पत्नी हिरासत में

**भिलाई, 31 अगस्त।** भिलाई दामाद के हत्या मामले में पुलिस ने सास और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103, 238, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम मोखली निवासी टिकेश्वर देशमुख का दो साल पहले अनीता देशमुख से शादी कर किया था मृतक का आए दिन टिकेश्वर शराब पीकर अपनी पत्नी और सास भारती वर्मा को परेशान करता था 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का दिन था। भारती अपनी बेटी नातिन को लेकर बस्ती तरफ गई थी कृष्ण जन्माष्टमी देखकर अपने नातिन के साथ वापस घर आई तो टिकेश्वर देशमुख दामाद की हत्या ने आग की लूठी को पकड़कर अपनी सास भारती को मारने का प्रयास करने लगा इससे परेशान सास ने अपने दमाद टिकेश्वर देशमुख को गैंती की धार से नाक के पास चेहरा में कई बार वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना में उसकी मौत हो गई। टिकेश्वर को मारते हुए भारती की बेटी ने देख लिया था भारती ने घटना को लेकर किसी को भी नहीं बताया पुलिस ने आरोपीया भारती वर्मा अनीता देशमुख को हत्या कर साक्ष्य छुपानें के आरोप में पकड़ लिया है शिकायत के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक की पत्नी व सास को पकड़कर पूछताछ किया उसके बाद हत्या के मामले का खुलासा हो पाया रानीतराई पुलिस हत्याकांड में जांच कर रही है।

## गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों पर की गई 23050 रु. की चालानी कार्रवाई

**भिलाई, 31 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जोन क्षेत्र के 16 दुकानों पर खाद्य पदार्थ, स्ट्रीट फूड, गुमस्ता लाईसेंस एवं सिंगल यूज प्लास्टिक की जांच की गई। दुकानदारो के पास जांच के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की गई। इन प्रमुख बाजारों में कार्यवाही की गई जवाहर मार्केट, सकुर्लर मार्केट, फल मार्केट, सब्जी मार्केट, मटन मछली मार्केट, लिंक रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं चालानी कार्यवाही करते हुए 600 रुपये जुर्माना लगाया गया। गंदगी फैलाने वालों पर 20700 जुर्माना लगाया गया। खाद पदार्थ गुणवत्ता की जांच 6 दुकानों से 750 रुपये का अर्थदण्ड। वायु प्रदूषण फैलाने वाले घरेलू उद्योगों पर 1000 रुपये अर्थदंड कुल 23050 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। कुल 117 व्यापारियों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन के स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र बंजारे, पर्यवेक्षक सुरेश पटेल, बिरबल भारती, जयंत मेश्राम, एस पपईया, रंगबादुर सोनी, एस. विनोद, हेमकुमार, यश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न

**उतई, 31 अगस्त।** उतई मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र उतई में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यशाला आज विश्राम गृह उतई संपन्न हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिलामंत्री श्री रोहित साहू जी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।उक्त कार्यशाला में प्रमुख रुप से सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकर, नरेंद्र साहू, तुलुराम साहू, सोहन रिगरी, गिरीश शर्मा, रुपेश पारख, चंदू देवांगन, आशीष साहू, सुमंत साहू, कांतिलाल साहू, विमला कामड़े, संगीत रजक, ममता चंद्राकर, लता सोनवानी, पियूष गंभीर, ओ पी चंद्राकार, वरुण चंद्राकार, खुबीराम साहू, भीमसेन सिन्हा, वैभव देवांगन, दानेश्वरी देशमुख, हरीश यादव, चेतन साहू, चिंटू सिन्हा, शशिकांत वर्मा, भगवती विश्वकर्मा, भीषम देवांगन, शुभम यदु, जिज्ञासु यादव, चेतन चक्रधारी, भूपेंद्र साहू, राकेश यादव आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### तीज मिलन समारोह 1 सितंबर को

**उतई।** उतई नगर मे महिला प्रकोष्ठ व नगर साहू समाज द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन एक सितंबर को सुबह 10-बजे से माँ कर्मा सामुदायिक भवन वार्ड क्रं 14 शीतला नगर उतई में होगा।कार्यक्रम के मुख्यतिरमशीला साहू पूर्व केविनेट महिला एवं बाल विकास मंत्री छ.ग.शासन होगी।अध्यक्षता सुनीती साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नगर साहू समाज उतई करेंगी। तुलसी साहु अधिवक्ता, सलाहकार जिला भिलाई साहू संघ।विशेष अतिथी रागिनी साहु सलाहकार दुर्ग जिला साहु संघ, दिव्या कलिहारी वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष जिला साहु संघ दुर्ग मंजू साहू जिला साहू संघ उपाध्यक्ष दुर्ग ,लक्ष्मी साहू सभापति जिन्ना पंचावत दुर्ग,तरुणा साहू इंस्पेटकर रेलवे पुलिस पंडवानी गायिका, वन्दना साहू(बिंदास बहुरानी) यूट्यूब कलाकार, होगी।जानकारी नगर साहू समाज अध्यक्ष किशोर साहू ने दिया।

## एक नजर

### आदित्य पाण्डेय व श्रेया कोचर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने होंगे रवाना




**डोंगरगांव 31 अगस्त।** राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का अयोजन किया जा रहा है जिसमें क्रिकेट,फुटबाल बैडमिंटन वा गतका खेल विद्या की प्रतियोगिता का अयोजन इस वर्ष सरगुजा में 01 सितंबर से 04 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है उक्त राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नगर के बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्य पाण्डेय का चयन 14 वर्ष आयु वर्ग बालक में हुआ है। वहीं नगर की बैडमिंटन खिलाड़ी श्रेया कोचर का 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका में चयन हुआ है। नगर के दोनों होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी सरगुजा में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में शिरकत करने 30 अगस्त को रवाना होंगे।

### आकाशवाणी से विजय मिश्रा की कहानी का प्रसारण 2 को



**रायपुर 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार श्री विजय मिश्रा अमित की कहानी बूढ़ी माई की बुद्धि का प्रसारण आकाशवाणी से होगा। कार्यक्रम कथायन क्रम के अंतर्गत उक्त कहानी के प्रस्तुतकर्ता श्री उदय प्रकाश होंगे। सोमवार 2 सितम्बर को सुबह 8.30 बजे कहानी का प्रसारण आकाशवाणी से होगा। अंधविश्वास पर केंद्रित कहानी बूढ़ी माई की बुद्धि में नींबू -मिर्च को गूंथकर दूकान,गाड़ी में लटकाने की प्रथा पर कहानीकार विजय मिश्रा अमित ने करारा प्रहार किया है। जादू- टोना के टोटके की आड़ में नींबू मिर्च की भारी बरबादी को रोकने हेतु कहानी में बूढ़ी माई कहती है नींबू मिर्च को लटकाना फिर फेक देना किसानों की मेहनत का अपमान है। बिजली,पानी, खाद सहित किसानों के पसीने से उपजे नींबू- मिर्च का दान करना श्रेयस्कर कदम होगा।

### चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुई खेल स्पर्धा

**रायपुर. 31 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी चिकित्सा छात्रों, प्राध्यापकों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं के लिए बालक व बालिका वर्ग में बैडमिंटन प्रतियोगिता एवं प्राध्यापकों, अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सिंगल व डबल के मैच खेले गये। बैडमिंटन (बालक) सिंगल में आदित्य जैन ने कड़े मुकाबले में प्रदीप सलाम को परास्त कर विजेता के मेडल पर कब्जा जमाया। बालिका सिंगल में अंजलि मिश्रा रनर व अंजू पैंकरा विनर बनीं। इसी प्रकार बालिका डबल में हर्षिता तलंडी, मनीषा केसरी विजेता व अंजलि मिश्रा, लेनिशा उपविजेता रहे। प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कैरम प्रतियोगिता के सिंगल में विजेता ज्ञानेश यादव व उपविजेता हेमंत वर्मा रहे। कैरम डबल में ज्ञानेश यादव व हेमंत वर्मा की जोड़ी ने धर्मेंद्र नायक व विकास मिश्रा को हराकर गोल्ड मेडल जीता। फाइनल मैच की अतिथि डॉ. स्निग्धा जैन (एसोसिएट प्रोफेसर एंड हेड फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) तथा डॉ. नागेंद्र सोनवानी (असिस्टेंट प्रोफेसर फोरेंसिक मेडिसिन विभाग) थे ।

### अछोली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

**डोंगरगढ़ 31 अगस्त।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम अछोली में अंजनीसुत संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के साहियोग से राज्य स्तरीय एक दिवासीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुराना अछोली के गोकुल स्टेडियम में (गौठान) में 31 अगस्त दिन शनिवार को दोपहर 3ः00 से किया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार 20001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15001 ? तृतीय पुरस्कार 10001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 7001 ? रखा गया है वही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागीय टीम का प्रवेश शुल्क 401 रुपए रखे गए हैं, जिसमें आयोजन समिति के सदस्य नीतीश साहू योगेश हिरवानी ओम प्रकाश साहू आदि ने राज्य के खिलाड़ी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### डीजे संचालकों पर राजनांदगांव पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव 31 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में मानक क्षमता से अधिक डेसिबल की ध्वनि के प्रसार करने वाले डी0जे0 संचालकों के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के गाईड लाईन एवं कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत (01) लखोली में सर्वजनकि स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते आरोपी घनश्याम साहू पिता नरेन्द कुमार साहू उम्र 26 वर्ष, निवासी जंगल पुर थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के पास से 02 नग टाप साउंड बाक्स, 01 नग एम्पली फायर, 01 नग बेस साउंड बाक्स, (02) मुनिसिपल स्कूल मैदान के पास सर्वजनकि स्थान पर अधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजाते ओमप्रकाश वर्मा पिता धन्ना लाल वर्मा उम्र 29 वर्ष, निवासी डूमरडीह खुर्द, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव के कब्जे से 01 नग बेस, 02 नग टॉप बॉक्स, 01 नग एम्पलीफायर जप्त। (03) हंशराज मेश्राम पिमा प्रेमलाल मेश्राम उम्र 28 वर्ष, निवासी शंकरपुर वार्ड नं0 10 ओपी चिखली, थाना कोतवाली के कब्जे से 01 नग एम्पलीफायर जप्त, छ0ग0 कोलाहल अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही की गई।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं: लखन लाल

**रायपुर, 31 अगस्त।** वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री और कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केंद्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उद्यानिकी विभाग, राशन कार्ड की नवनीकरण कार्यो सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्यवन और योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि कबीरधाम जिले में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी जिले के विकास के लिए अच्छा कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो और इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। सभी को उत्साह के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए सभी क्षेत्रों में कबीरधाम जिले की पहचान बनाना है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। जिले के सभी अधिकारी इन समस्याओं को संज्ञान में लेकर प्राथमिकता के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले में विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधिक शिकायत मिली है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करते हुए 24 घंटे आपूर्ति करने के निर्देश दिए।



कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पेयजल, सड़क, विद्युत, स्वास्थ्य, राशन मूलभूत आवश्यकता में शामिल है। यह सभी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी को निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी मैदानी क्षेत्रों में जाकर दौरा करें और वास्तविक वस्तु स्थिति की जानकारी लें। जिससे वहां की कमियों को पहचान कर पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने और प्रगति लाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत जानकारी लेते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य नल के माध्यम से हर घर जल पहुंचाना है। इस योजना का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर पूर्ण गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने जिले में खेती किसानी के संबंध में वर्षा और खाद उपलब्धता की जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने जिले के विभिन्नि विभाग में संचालित योजनाओं के प्रगति के संबंध में विभागवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में 2 लाख 83 हजार 704 राशन कार्ड प्रचलित है। जनवरी 2024 से अब तक 5 हजार 829 नवीन राशन कार्ड बनाया गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 1 लाख 29 हजार 613 कनेक्शन जारी किया गया है। जिले में 108 धान उर्पाजन केन्द्रों में माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले के 43 हजार 419 किसानों को वर्ष 2014-15 के तहत 57 करोड़ 92 लाख 28 हजार रूपए और 42 हजार 944 किसानों को वर्ष 2015-16 के तहत 61 करोड़ 30 लाख 79 हजार रूपए बोनस राशि का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत 69 करोड़ 89 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

इस दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने केंद्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और उसके प्रगति की जानकारी दी। बैठक में विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विभागों के प्रारंभ, अप्रारंभ और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, श्री रूपेश जैन, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओं श्री संदीप अग्रवाल, सहित सर्व जनपद अध्यक्ष, सर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 31 अगस्त।** 30 अगस्त 2024 को माननीय श्री डॉ सोमनाथ यादव जी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता में जिला समीक्षा बैठक स्काउट गाइड महारानी लक्ष्मीबाई शा क शाला राजनांदगांव में आयोजित की गई। जिसमे माननीय श्री राजेन्द्र गोलक्षा जी राज्य उपाध्यक्ष माननीय श्री महेश खंडेलवाल जी जिला मुख्य आयुक्त श्री अभय कुमार जायसवाल जी जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट आजीवन सदस्य श्री दविंदर सिंह भाटिया जी श्री मुन्ना लाल नदेश्वर जी श्री आलोक बिंदल जी श्री संतोष खंडेलवाल जी श्री उत्तम गिड़िया जी श्री डॉ मिलन टेम्भूरकर जी श्री राकेश भावते जी श्री घनश्याम दास साहू जी श्रीमती नीना खंडेलवाल जी श्रीमती वर्षा अग्रवाल जी श्रीमती उषा चटर्जी जी मुख्यालय आयुक्त गाइड श्री सतीश ब्यहोहरे डी एम सी श्री प्रशान्त चितवरकर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया श्रीमती बी कौर गरचा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ श्री सी आर वर्मा प्राचार्य मलबी राजनांदगांव की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुई।



जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री अभय कुमार जायसवाल जी ने स्वागत उदबोधन एवं पूर्व वर्ष एवं वर्तमान वर्ष की जिला स्तरीय राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तरीय स्काउट गाइड गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय डॉ सोमनाथ यादव जी ने जिले के एल टी ए एल टी एच डब्लू बी की जानकारी ली। प्राइवेट शालाओ में शत प्रतिशत पंजीयन हेतु निर्देश किया। स्काउटर गाइडर से दल संचालन हेतु समस्या पर चर्चा की। सभी बेसिक एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त को आगे का प्रशिक्षण करने निर्देशित किया। अप्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिका को बेसिक प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड की मुख्य धारा से जोड़ने कहा। माननीय राजेन्द्र गोलक्षा जी ने स्काउट गाइड गतिविधियों के संचालन पर प्रकाश डालते हुए जिले की सभी शालाओ में प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर तैयार करने जोर दिया। माननीय श्री महेश खंडेलवाल जी ने जिला मुख्य आयुक्त नियुक्ति पर धन्यवाद देते हुए दायित्व को पूर्ण निष्ठा से पूरा करने का आश्वासन दिया। एवं जिले की स्काउट गाइड गतिविधियों में मिल जुल कर तेजी लाने की बात कही।

## सुन्नी मुस्लिम समाज छुरिया ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 31 अगस्त।** आज छुरिया के सुन्नी मुस्लिम समाज ने महाराष्ट्र निवासी बाबा रामगिरी नामक व्यक्ति के द्वारा उनके पैगम्बर हजरत स.व.स. के सम्मान का अपमान किया हैं जिसके कारण मुस्लिम समाज के लोग आहत हैं इस विषय को लेकर छुरिया के सुन्नी मुस्लिम समाज ने अपने सदर वसीम कुरैशी सहित पूरे समाज के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ तहसीलदार छुरिया के कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा जिसमें महाराष्ट्र निवासी बाबा रामगिरी नामक व्यक्ति द्वारा किये गये अपमान जनक बयान की कड़ी निंदा करते हुये महामहिम राज्यपाल महोदय, राष्ट्रपति महोदय एवं माननीय प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री छ.ग. शासन से मांग की है कि मुंस्लिम समाज चाहता हैं कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो देश की समाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एकता कायम रहे तथा देश में शांति बनी रहे इसलिये इस तरह कि घटनाओं को रोकना के लिये रामगिरी बाबा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं कड़ी सजा दी जाये। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपनें सदर वसीम कुरैशी के साथ अहमद खान, अलीम खान, तौकीर अहमद, हासम अली हासमी, सिद्दीक कुरैशी, इलियाश खान, गफ्फार मेमन, अब्दुल खान, हमीद कुरैशी, मो. सद्दाम, जावेद खान, युसुफ मियां, असलम निरबान, आशिक रजा, आरिफ मेमन, अकरम खान, सफदर खान, अफी मेमन, जावेद मेमन, नौशाद खान, मुज्जम्मिल खान मौजूद रहे।



### पेंशनरों और कर्मचारियों को डीए डीआर देने के मामले में भूपेश सरकार के नक्शे कदम पर चल रही है विष्णु देव सरकार

**रायपुर 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य में पेंशनरों और कर्मचारियों को महंगाई राहत भत्ता देने के मामले में राज्य के सत्ता में पदारुढ़ भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के नक्से कदम पर चल रही है। उनके द्वारा इस मामले में विधान सभा चुनाव में केन्द्र के देय तिथि व दर से डीए डीआर देने देने की मोदी की गारंटी को भी धता बताने पर हैरानी जाहिर किया है। उक्त जानकारी जारी विज्ञप्ति में देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक एवं भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने आगे बताया है कि भूपेश सरकार ने अपने पूरे 5 साल के कार्यकाल में पेंशनरों और कर्मचारियों को कभी भी केन्द्र सरकार के समान डीए डीआर नहीं दिया और इन पांच सालों में पेंशनरों तथा कर्मचारियों को इसके लिए तरसाते रहे तथा एरियर के करोड़ों रुपए हजम कर गए। उन्होंने पेंशनरों को डीआर देने हेतु मध्यप्रदेश सरकार के किसी प्रस्ताव को नहीं माना। जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को विधानसभा चुनाव मे भुगतना पड़ा और सरकार चली गई।आज यही स्थिति विष्णुदेव साय के भाजपा सरकार में भी देखने को मिल रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार जुलाई 23 से 4त्र प्रतिशत महंगाई भत्ता विधानसभा चुनाव के पहले से लंबित था।

## आयुष ग्राम बेलरगोंदी में मासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 31 अगस्त।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुष अधिकारी डॉ शिल्पा पांण्डेय राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निःशुल्क मासिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता चिकित्सा शिविर आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 30/08/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर , सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर , श्री संतोष सोनी, श्री भागवत राम टांडेकर, श्री शंभू साहू, श्री अमर सिंह, श्री धीरपाल कंवर, श्रीमती तुलसा बाई (स्व सहायता समूह), श्रीमती जानकी बाई मितानीन, श्रीमती उमाबाई मितानीन श्रीमती पुनिया बाई, श्रीमती साब्दिया बाई, विरेन्द्र सोनी, शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, श्री देवदास साहू (फार्मासिस्ट आयुर्वेद), श्री शंकर लाल कंवर ( पी .टी. एस.), श्री छगन राम वर्मा ( योग प्रशिक्षक), एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। इस शिविर में 131 मरीज का परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया लाभान्वित हुए । एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में ,बी पी, शुगर जाँच किया गया। एवं वर्षा ऋतु में होने वाले बीमारियों के बारे में विशेष चर्चा कर ध्यान रखने को कहा गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध कुमार पटेल (नोडल अधिकारी दुर्ग संभाग) ,श्री देवदास साहू , श्री शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक श्री छगन राम वर्मा ,इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाए दी ।



### शासन के आयुष मिशन के तहत ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मास्कुलर डिसऑर्डर

## आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जिले में विभिन्न प्रकार की वात-व्याधियों का इलाज

**राजनांदगांव 31 अगस्त।** आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जिले में विभिन्न प्रकार की वात-व्याधियों का ईलाज किया जा रहा है। शासन के आयुष मिशन के तहत ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मास्कुलर डिसऑर्डर के पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में आयुष पॉली क्लीनिक आयुष विभाग में जनसामान्य का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वात-व्याधियों, वात रक्त, स्पॉडिलाईटिस, ऐड़ी में दर्द के लिए जनसामान्य में जागरूकता, रोकथाम एवं उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है। असम्यक जीवन शैली एवं कार्यशैली के कारण यह व्याधि होती है। इसके लक्षण दिखाई देने पर तुरंत ईलाज करने से तथा जीवन शैली एवं कार्य शैली में आवश्यक बदलाव किया जाए, तो इस व्याधि के आगे बढने, शल्य क्रिया एवं दिव्यांगता से हाफी हद तक बचाव किया जा सकता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन में अर्थराईटिस की रोकथाम के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आयुष पाली क्लीनिक डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि यहां मरीजों का ईलाज अश्वगंधा, लक्षादि गुग्गलु, दशमूल काढ़ा, नारायण तेल एवं अन्य दवाईयां दी जा रही है। दीनदयाल नगर चिखली निवासी श्री रविराम सेन ने बताया कि उनके घुटने में दर्द था और पिछले कुछ दिनों से यहां ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले घुटने में दर्द के कारण बैठने में तकलीफ हो रही थी। दवाई और काढ़ा से आराम मिला है। चिखली निवासी श्रीमती गायत्री यादव ने बताया कि उन्हें दो साल से कमर से लेकर पैर तक दर्द होता था और वह पिछले चार माह से यहां ईलाज करा रही हैं। अब उन्हें लगभग 90 प्रतिशत आराम मिला है। दवाई और मसाज से ज्यादा अच्छा फायदा मिला है। पहले घरेलू कार्य करने में उनको समस्या हो रही थी। उन्होंने बताया कि ईलाज के बाद अब राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि जीवन शैली ठीक नहीं होने के कारण सर्वाइकल स्पोंडिलाईटिस, फ्रोजेन शोल्डर, आस्टियोअर्थराइटिस एवं एड़ी का दर्द जैसी बीमारियां हो रही हैं। प्रतिदिन घंटो लगातार कम्यूप्टर पर काम करने, टीवी देखना, पढना या अन्य कार्य जिसमें गर्दन को लम्बे समय तक झुकाना पड़ता है, गलत तरीके से सोना या ऊँचे तकिये का उपयोग भविष्य में सर्वाइकल स्पॉडिलाइटिस का कारण हो सकता है। जिससे गर्दन में दर्द जकड़ाहट चक्कर आने की शिकायत हो सकती है। एक या दोनों हाथों के कंधे में दर्द व सम्यक गति का न होना फ्रोजेन शोल्डर कहलाता है। इसमें कंधे के ऊपरी बाँह में दर्द, मांसपेशी में जकडन्, जिससे दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती है। ऑस्टिओऑर्थराइटिस में एक या अधिक जोड़ो में लगातार या रूक-रूक कर दर्द , पैरों को मोडने एवं जमीन पर बैठने में परेशानी एवं जोड़ो में जकड़ाहट होती है, ये प्रायः अधिक उम्र के लोगों में देखा जाता है। रागी सिंघाड़ा, मखाना दूध से बने पदार्थ जिनमें कैल्शियम अच्छी मात्रा में हो का सेवन करें।



## समाचार संक्षेप

### तेंदुए के आतंक से सहमा वनांचल 3 साल की मासूम का किया शिकार




**नगरी 31 अगस्त।** वनांचल छेत्र में इन दिनों तेंदुआ के आतंक से वनग्राम के निवासी दहशतगर्दी के बीच रहने मजबूर हो गए है, बता दें कि नगरी विकास खंड के धौराभाटा में तेंदुआ ने पहले तीन साल की मासूम बच्ची पर हमला कर मार डाला, इसके बाद रात 11 से 12 बजे उसी गांव के बुजुर्ग बुधराम कमार पर प्राणघातक हमला कर दिया इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया है, बताया जा रहा है कि बुजुर्ग को घर में सोते वक्त अंदर से घसीट कर निकाला बुधराम व परिजनों के चिल्लाने पर बुजुर्ग को छोड़ कर तेंदुआ भाग गया, इस हमले से बुधराम कमार के सर में गंभीर चोट आई है जिसे नगरी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटनाक्रम से 1 किलोमीटर के अंतराल में बसे ग्राम खुदुरपानी में लघुशंका के लिए निकले बिरेंद्र नेताम के सामने उनके पालतू कुत्ते को शिकार कर जंगल के तरफ चला गया।

### सड़क दुर्घटना में कमी लाने चलाया यातायात जागरूकता अभियान




**राजनांदगांव 31 अगस्त।** 30 अगस्त को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं यातायात टीम द्वारा पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा प्राप्त यातायात जागरूकता पाम्पलेट, स्टीकर पोस्टर, फ्लैक्स बैनर, पॉकेट फोल्डर, एवं ऑटो स्टेपनी ब्राडिंग वाहनों में लगाया गया जिसके माध्यम से बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओव्हर स्पीड, शराब सेवन कर वाहन चलाना, ओव्हर लोडिंग, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग, दुपहिया वाहन में तीन सवारी बिठाकर वाहन चलाने के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में लोगों को बताया गया। साथ ही अज्ञात वाहनों से सड़क दुर्घटना में होने वाली मृतक के परिजन को राशि 2,00,000/- रूपये( दो लाख) एवं गंभीर घायल को 50,000/- रूपये (पचास हजार) मिलने वाली मुआवजा राशि एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने संबंधी पाम्पलेट, पोस्टर, बैनर वाहनों में लगाया गया। साथ ही इस संबंध में अन्य लोगो को जागरूक करने बताया गया। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस राजनांदगांव की आम जनता से अपील है दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, ओव्हर स्पीड वाहन न चलाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें। यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।

### शाउमा शाला खुज्जी के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बने उत्तमचंद नाहटा

**डोंगरगांव 31 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य उत्तमचंद नाहटा को शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष मनोनित किया गया है। विगत 13 अगस्त को प्रभारी मंत्री के द्वारा जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी। सूची प्राप्त होते ही श्री नाहटा को शाला में आमंत्रित कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया।दिनांक 29.08.24 को उनकी अध्यक्षता में समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई जिसमे अध्यक्ष की अनुशंसा पर अन्य सदस्यों का मनोनयन कर समिति के गठन को अन्तिम रूप दिया गया। समिति में स्त्र संवर्ग से पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा मंडावी, स्ट से अशोक मालेकर,अल्पसंख्यक समुदाय से नूरुद्दीन मौलवी को सदस्य मनोनित किया गया है। अन्य सदस्यों में पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम कमरिया,मुरली प्रसाद यादव,टेकराम निषाद,शोभित राम साहू छन्नूलाल वर्मा,एवं राजीव गिरी आदि लोगों को अध्यक्ष की अनुशंसा पर समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। प्रथम बैठक में समिति को शाला की आवश्यकताओं एवं कुछ अधूरे पड़े कार्यों से अवगत कराया गया।जिसमे 200 मीटर बाउंड्री वॉल अधूरा है। ऋऋ से निर्मित प्रयोगशाला भवन का छत जर्जर हो रहा है,प्लास्टर गिरने लगा है।सायकल स्टैंड का शेड टूट गया है तथा नए शेड की भी और आवश्यकता है। इन कार्यों के लिए हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन समिति ने दिया। प्रथम बैठक में समिति को शाला के अध्यापन व्यवस्था,पाठ्यक्रम,शिक्षकों के आने जाने की टाइमिंग,शाला में नलजल व्यवस्था,शौचालय एवं शाला की साफ सफाई की जानकारी दी गई।



संपादकीय

# यह सबूत है कांग्रेस के कमजोर होने का

जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब प्रत्याशियों की सूची जारी कर रहे हैं। कश्मीर के क्षेत्रीय दलों के घोषणा पत्र को देखकर लगता है कि वह चुनाव जीतने के लिए देश के अन्य क्षेत्रीय दलों की तरह कुछ भी कह सकते हैं और कर सकते हैं। पीडीपी के घोषणा पत्र में अन्य क्षेत्रीय दलों की तरह 200 यूनिट बिजली फ्री,जल कर उन्मूलन,गरीब परिवारों को मुफ्त राशन,गरीब परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर,हर तरह के पेंशन की राशि में दोगुनी वृध्दि,दम घोंटने वाले कानूनों की समाप्ति,नेशनल कांफ्रेंस ने इस घोषणा पत्र को अपने घोषणा पत्र का नकल बताया है यानी कि उसने भी जनता से मुफ्त वाले बहुत से वादे किए हैं। पीडीपी या नेकां हो सब जानते हैं कि उनको धारा-370 हटाने, राज्य का दर्जा बहाल, राज्य को स्पेशन स्टेटस दिलाने के नाम पर वह चुनाव नहीं जीत सकते इसलिए सभी क्षेत्रीय दलों ने अपने घोषणा पत्र में मुफ्त वाले वादे खूब किए है। सिर्फ भाजपा ही है जिसने धारा-370 पर अपना रुख स्प्ष्ट किया है और कहा है कि धारा-370 के कारण ही कश्मीर का विकास हो रहा है तथा आगे भी इसी तरह तेज विकास होगा। पीडीपी व नेकां को इसे हटाने का वादा कर रहे हैं लेकिन वह इसे हटा नहीं सकते। क्योंकि इसे हटाने के लिए राज्य में बहुमत तो जरूरी है और साथ ही केंद्र में जो सरकार हो वह भी उसे हटाना चाहा। नेकां व पीडीपी अभी अलग अलग चुनाव लड़ रहे है, दोनों को अकेले बहुमत तो मिल नहीं सकता। वहीं कांग्रेस ने धारा-370 पर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। कांग्रेस कश्मीर में स्वतंत्र राज्य के दर्जा की बात तो कर रही है लेकिन उसने यह नहीं कहा है कि वह पीडीपी व नेकां के घोषणापत्र के वादों का समर्थन करती है। कांग्रेस ने धारा-370 पर चुप्पी साधकर यह बता दिया है कि वह कमजोर पार्टी है तथा वह क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश की एकता अखंडता को कमजोर करने के लिए तैयार है। नेका व पीडीपी कश्मीर में अलगाववाद व आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी है, वह सत्ता में लौटेंने वाले नहीं है, इसलिए वह किसी भी तरह से कुछ सीटें जीतना चाहते हैं ताकि उनके पार्टी का अस्तित्व बचा रहे। कांग्रेस भी यह बात जानती है कि वह भले की राष्ट्रीय पार्टी हो लेकिन कई राज्यों में उसके अस्तित्व के लिए क्षेत्रीय दलों का समर्थन जरूरी है। वह जिस तरह यूपी,बिहार में अपने अस्तित्व को बचाने के लिए क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है और वह जैसा चाहते हैं, वैसा ही करने को मजबूर रहती है। इसी तरह वह कश्मीर में भी वह क्षेत्रीय दलों के बिना अपना अस्तित्व नहीं बचा सकती इसलिए वह उनका किसी तरह विरोध नहीं कर सकती। भले ही वह देश की एकता अखंडता के खिलाफ कोई बात कहते हो। अमित शाह ने तो दस सवाल पूछ कर पहले ही कांग्रेस के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी है, ऐसे में वह न तो धारा-370 का समर्थन कर सकती है और न ही विरोध कर सकती है। धारा-370 समर्थन करती है तो नेका व पीडीपी से किसी तरह का सहयोग नहीं मिलेगा, और यदि नहीं करती है तो उसे कश्मीर में भले फायदा हो जाए लेकिन राष्ट्रीय पार्टी के रूप में देश के ज्यादातर राज्यो में नुकसान होगा क्योंकि भाजपा उसके खिलाफ इसे मुद्दा बनाकर प्रचार कर सकती है कि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी हो गई है।क्षेत्रीय दल भी जानते हैं कि धारा-370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर मे जो काम हुए हैं, उससे जनता प्रभावित है। वह भी समझ रही है कि कुछ दल राज्य को बरसों पीछे ले जाना चाहते हैं और अपना राजनीतिक साम्राज्य पहले की तरह स्थापित करना चाहते हैं। इस चुनाव से यह अंतिम रूप से जनता ही साफ कर देंगी कि वह क्या चाहती है। क्या वह नेकां, पीडीपी का शासन वापस चाहती है या उनकी जगह नए राजनीतिक दलों का चुनाव कर सत्ता में बदलाव चाहती है और एक नए युग की शुरूआत चाहती है। भाजपा ने तो जनता को बखूबी बता दिया है कि धारा-370 हटने के बात क्या कुछ हुआ है तथा आगे और क्या कुछ हो सकता है। अब यह जनता पर निर्भर करता है कि वह चुनाव के जरिए राजनीतिक दलों को बताए कि वह क्या चाहती है। नए राजनीतिक दलों का शासन चाहती है या पुराने राजनीतिक दलों की वापसी चाहती है।

विश्लेषण

ललित गर्ग

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा ?



भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है।

डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द ह्यडुंकीह्न से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रेक्टिस का तब पर्दाफाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा-सपनों को चूर-चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई कर-के अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं।

डंकी रूट के जरिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हो गई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश



भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली-ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं।

शाहरुख खान की फिल्म ह्यडंकीह्न में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे-कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। ह्यडंकी रूटह्न एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है।

हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका-मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिये उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती के लिये 48 लाख से भी अधिक युवा-प्राथियों ने आवेदन किया है। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों एवं परेशानियों की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। एक शख्स के अनुसार उसका भतीजा कैलिफोर्निया में एक डेयरी फार्म में प्रतिदिन लगभग 100 डॉलर कमाता है, जबकि यहां भारत में वह वही काम करके एक महीने में 6,000 रुपये कमाता था। रिश्तेदारों के मुताबिक, इस धन से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। संभावित प्रवासियों के लिए यह निर्णय भारी कीमत और बहुत बड़े जोखिम के साथ आता है। विडम्बना देखिये कि मुट्ठी भर डंकी प्रवासियों की सफलता की कहानियां बहुसंख्यकों को गुमराह करती हैं। हर कोई प्रवास के लाभों के बारे में बात करता रहता है, लेकिन कोई भी समस्याओं और चुनौतियों के बारे में बात नहीं करता।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार में बड़े बुजुर्गों की सेहत पर पूरा ध्यान देंगे और आपके विरोधी शांत रहेंगे। आपको अपने पेंडिंग कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में बड़े सदस्य भी आपको कोई सलाह देंगे, तो आप उसपर ध्यान अवश्य दें। आप कार्यक्षेत्र में कोई गलती कर बैठेंगे। आपको किसी मामले को संयम रखकर निपटाने की आवश्यकता है। कानूनी मामलों में आपको कुछ समस्याएं आएंगी, जिनसे निकलने के लिए आपको मेहनत अधिक करनी होगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, क्योंकि वाहन की खराबी के कारण आपको अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। यदि कुछ उलझने चल रही थी, तो वह दूर होती दिख रही हैं। आपके मान सम्मान में आज वृद्धि होगी। आप सहयोगियों से मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। यदि आपका कुछ धन अटका हुआ था, तो उसमें आपको अच्छा लाभ मिल सकता है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको कोई नया काम मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। नौकरी को लेकर आपको कुछ समस्याएं आएगी, जिस कारण आप किसी दूसरी नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आपके परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको सामाजिक संपर्कों से लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाएं रखना होगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आप अपने घर की साफ सफाई पर पूरा ध्यान रखेंगे। संतान की किसी इच्छा को पूरा कर सकते हैं। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।

सिंह- आज का दिन आपके लिए खर्चों को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन मित्रों का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। आप किसी से रुपए पैसे का लेनदेन बहुत ही देखभाल कर करें। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगने से आप थोड़ा परेशान रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। आप अपनी चतुर बुद्धि से लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आपको अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर कुछ कामों को करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन परिवार में सदस्यों को आपका मनमाना व्यवहार कुछ पसंद नहीं आएगा। आप अपने पिताजी की सेहत के प्रति सचेत रहें, क्योंकि उन्हें कोई समस्या होने की संभावना है। बिजनेस में आपने यदि किसी प्रोजेक्ट को लेकर जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें आपसे गड़बड़ी हो सकती है।

तुला- आज का दिन आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलता दिख रहा है। विद्यार्थी किसी नए कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। यदि आपके कुछ पुराने काम अटके हुए थे, तो उन्हें आप पूरा करने की कोशिश करेंगे। आप अपने जीवनसाथी को लेकर शॉपिंग पर जा सकते हैं, जिसमें आपको खर्च बहुत ही सोच विचार कर करना होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आप घूमने फिरने जा सकते हैं। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको महिला मित्रों से सावधान रहने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन में आप अपने सदस्यों के साथ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से कोई भी जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाना बेहतर रहेगा। बिजनेस में यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए खची भरा रहने वाला है। आपको कामों को करने में कुछ समस्याएं आएंगी और आपके मनमानी व्यवहार के कारण आपको कोई नुकसान भी हो सकता है। आप अपने बिजनेस में कोई कदम जल्दबाजी में ना उठाएं। सोच समझ कर काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह दूर हो सकती है। परिवार के सदस्य को कोई पेट संबंधित समस्या होने की संभावना है। आपके घर किसी मित्र का आगमन हो सकता है। आपका कोई काम यदि रुका हुआ था, तो उसे आप पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर व्यस्त रहेंगे। आपको लाभ के अवसरों को हाथ से जाने नहीं देना है। आप किसी अजनबी की बातों में न आए और अपने पिताजी से मन की बात को कहना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। धर्म-कर्म के कार्य पर आपका पूरा ध्यान रहेगा।

मीन- आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। माता-पिता का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आप उनसे यदि आपको मदद मांगेंगे, तो वह भी आपका आसानी से मिल जाएगी। आपकी सेहत में कोई समस्या हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको अपनी संतान के भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग करनी होगी। आपको अपने पुराने किए गए निवेशों से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने खर्चों पर पूरा ध्यान दें।

## चाइनीज मंझों की महिमा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

पटलीपुर के छोटे से कस्बे में पतंग उड़ाना सिर्फ एक शौक नहीं था; यह इज़्जत का सवाल था। मकर संक्रांति के मौके पर पटलीपुर का आसमान एक युद्धभूमि की तरह नजर आता था, जहां पतंगें तब तक लड़ती थीं जब तक उनकी डोर कट न जाए। रघु राम, एक महान पतंगबाज, बिना किसी मुकाबले के चैंपियन था। उसका शिष्य, चिंटू, उसे अपना आदर्श मानता था और एक दिन आसमान पर खुद का राज करने का सपना देखता था। बाबू लाल, जो एक अनुभवी पतंग विक्रेता थे, अक्सर चिंटू से कहा करते थे, ₹बेटा, एक अच्छे पतंगबाज को तेज नजर, स्थिर हाथ और ऐसी डोर चाहिए जो सब कुछ काट सके, लेकिन किसी की गर्दन नहीं। लेकिन समय बदल रहा था। मंझा महाजन और उसकी चीनी मंझा के आने से आसमान में एक नया खतरा मंडराने लगा था। यह आयातित डोर धारदार तलवार की तरह तेज और घातक थी। महाजन, अपने व्यापार के अंदाज में, इसे इस नारे के साथ प्रचारित करता थाः ₹बुरी किस्मत का इंतजार क्यों करना, जब चीनी मंझा तुरंत और तेज हल दे सकता है? चिंटू, चीनी मंझा के वादों से मोहित होकर, रघु राम से इसे खरीदने की जिद करता है। ₹गुरुजी, इसके साथ कोई भी पतंग हमारे सामने टिक नहीं पाएगी! रघु राम, हालांकि, संदेह में था। ₹चिंटू, याद रखोः जो डोर बहुत जल्दी काटती है, वह हाथ को भी काट सकती है जो उसे पकड़ता है। लेकिन चिंटू की जिद के आगे रघु राम, झुकते हुए, आखिरकार इसे आजमाने का फैसला करता है। जब महान पतंगबाजी का दिन आता है, पटलीपुर का वातावरण उत्साह से भरा होता है। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से भरा होता है और हवा में उत्तेजना का माहौल होता है। इंस्पेक्टर गुप्ता, जिन्हें चीनी मंझा की खतरनाकता के बारे में कई शिकायतें मिली थीं, इलाके में गश्त कर रहे थे। वह जानते थे कि उन्हें इस खतरनाक डोर को जब्त करना चाहिए, लेकिन आसमान में उड़ती पतंगों का दृश्य उनके लिए बहुत मोहक था। ₹एक कानून का पालन कुछ देर के लिए रुक सकता है; आखिरकार, आसमान में एक और डोर का क्या फर्क पड़ेगा?₹ उन्होंने खुद से कहा, और खुद को थोड़ी राहत की अनुमति दी। मुकाबला शुरू होता है, और रघु राम की पतंग ऊँचाई पर उड़ने लगती है, हवा में नाचती हुई। लेकिन जल्द ही, वह महसूस करता है कि चीनी मंझा बहुत तेज और बहुत सटीक है। यह मानो चूहे को पकड़ने के लिए शेर भेजने जैसा था– प्रभावी लेकिन अति। जैसे ही वह अपनी पतंग को संभालने की कोशिश करता है, वह महसूस करता है कि डोर हवा को काटते हुए उसकी अपनी उंगलियों को भी काट रही है।

बापू! आपका हाथ! चिंटू चीखता है, जब वह देखता है कि रघु राम के हाथ से खून बह रहा है। चीनी मंझा ने अपनी प्रतिष्ठा पर खरा उतरते हुए, सिर्फ पतंगों को ही नहीं बल्कि अपने पकड़ने वाले की इज़्जत और शरीर को भी काट डाला था। बाबू लाल, जो अपने स्टॉल से देख रहे थे, सिर हिलाते हुए बोले, ₹दूसरों को काटने की होड़ में, हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि हम खुद कितने करीब हैं उस धार के। उधर, मुन्नी बिल्ली, जो हमेशा जिज्ञासु और खेलने वाली थी, जमीन पर आई एक डोर में उलझ जाती है। तेज मंझा उसके फर को काटती है और वह चिल्लाते हुए गली में भाग जाती है। ₹कौन जानता था कि एक बिल्ली के नौ जान इतनी आसानी से कट सकते हैं?₹ बाबू लाल ने काले हास्य के साथ हंसते हुए कहा। मंझा महाजन, जब उसने रघु राम के दुर्भाग्य के बारे में सुना, तो वह बेपरवाह रहा। ₹जीत के रोमांच के लिए थोड़ा खून क्या है? और वैसे भी, हमारे पास ग्राहकों की कभी खत्म न होने वाली कतार है–और धागों की भी। जैसे ही पतंगबाजी जारी रही, इंस्पेक्टर गुप्ता ने अंततः हस्तक्षेप किया, यह महसूस करते हुए कि खतरा अब बहुत वास्तविक हो गया था। उन्होंने शेष चीनी मंझा को प्रतिभागियों से जब्त कर लिया, यह कहते हुए, ₹कानून को अपने नागरिकों की रक्षा करनी चाहिए, भले ही इसका मतलब रोमांच के दीवाने लोगों को जमीन पर उतारना हो।लेकिन नुकसान हो चुका था। रघु राम के हाथ चीनी मंझा के साथ उसकी संक्षिप्त मुठभेड़ के निशान लेकर लौटे, और चिंटू ने उस दिन एक महत्वपूर्ण सबक सीखाः ₹एक तेज औजार मूर्ख के हाथ में आपदा को आमंत्रण है। जैसे ही शाम ढलने लगी और आखिरी पतंगें काट दी गईं, पटलीपुर का आसमान फिर से शांत नीला हो गया। रघु राम, अपने घावों को बांधते हुए, चिंटू से बोले, याद रखना, सबसे मजबूत डोर वह है जो तुम्हें ऊपर उठाती है, न कि वह जो तुम्हें नीचे गिराती है। बाबू लाल, अपने स्टॉल को समेटते हुए, टिप्पणी की, ₹एक पतंगबाज का सबसे बड़ा दुश्मन न तो हवा है और न ही प्रतियोगिता; यह उसका खुद का लालच और घमंड है।₹ और जब कस्बा रात के लिए शांत हो गया, पटलीपुर के लोग एक-दूसरे से चीनी मंझा के खतरों के बारे में फुसफुसाते हुए बोले, यह समझते हुए कि कभी-कभी सबसे तेज धार ही आपको कब्र के करीब ले जाती है।

## कुर्सी के इस्तेमाल से की जा सकती हैं ये एक्सरसाइज

आज की तेज-तर्रार दुनिया में कई लोगों के लिए जिम जाने के लिए समय निकालना मुश्किल हो सकता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कसरत करना ही छोड़ दिया जाए।कसरत स्वस्थ जीवनशैली का एक अहम हिस्सा है, जिसे घर पर एक कुर्सी के जरिए भी किया जा सकता है।कुर्सी स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, कार्डियो और स्ट्रेचिंग करने के लिए एक अच्छा उपकरण हो सकता है।आइए जानें कि कुर्सी से कौन-कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं।

**चेयर स्टेप-अप्स**-सबसे पहले दोनों पैरों को कंधों की सीध में खोलकर कुर्सी के आगे खड़े हो जाएं।अब एक पैर से सीट पर चढ़ें, फिर इस पैर को नीचे करके दूसरे पैर को सीट पर चढाएं। इसी तरह बदल-बदलकर पैरों को 2-3 मिनट तक सीट पर रखें।यह एक्सरसाइज जल्दबाजी में करने से बचें क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है।यहां जानिए शारीरिक संतुलन को सुधारने वाली एक्सरसाइज।

**चेयर हैमस्ट्रिंग कर्ल** -सबसे पहले एक कुर्सी के पीछे खड़े होकर दोनों हाथ बैकरेस्ट पर रखें।अब दाएं पैर को फर्श से ऊपर उठाएं और थोड़ा रूककर पैर को वापस फर्श पर रखें। ऐसा ही बाएं पैर से भी करें। इस अभ्यास को 15 बार दोहराएं।कुछ दिनों या हफ्तों तक अपने हाथों को बैकरेस्ट पर टिकाकर यह एक्सरसाइज करें।एक बार जब आप इसमें सहज हो जाएं तो संतुलन सुधारने के लिए हाथों को बैकरेस्ट से हटा लें।

**चेयर पुशअप्स**-सबसे पहले दीवार के सहारे एक कुर्सी रखें ताकि एक्सरसाइज करते हुए कुर्सी स्लिप न हो। इसके बाद दोनों हथेलियों को कुर्सी की सीट पर रखें।इस दौरान पीठ को सीधा और पैरों को एक साथ चिपकाएं रखें। इसके बाद 2-3 मिनट तक सामान्य तरीके से पुशअप्स करें, फिर धीरे-धीरे एक्सरसाइज को छोड़े।यहां जानिए विभिन्न तरीके से की जाने वाली पुशअप्स एक्सरसाइज।

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# व्यथित महामहिम आक्रोशित देश और बेशरम राजनीति !



इसे बेहद अप्रिय स्थिति में शुमार किया जाए अथवा बेहद विकट हालात से ग्रस्त देश की परिस्थिति का एक परिदृश्य बतौर माना जाए कि अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश की सर्व सत्ता सम्पन्न महिला राष्ट्रपति ने बलात्कार और हत्या के मामले पर गहरी निराशा और भयभीत होने का वक्तव्य जारी किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस महीने की शुरुआत में कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के संबंध में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी की है। राष्ट्रपति ने ऐसा क्यों किया, इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा है कि 'बहुत हो गया।' उन्होंने समाज को भूलने की आदत से ग्रस्त 'सामूहिक स्मृतिलोप' का शिकार बताकर जगाने की कोशिश की है।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्पादकों से बातचीत और उन्हें लिखे पत्र में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर आक्रोश जाहिर करने के साथ-साथ लिखा है कि इन पर अंकुश लगना चाहिए। कोलकाता में बीते 9 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर मुर्मू ने कहा कि इस घटना ने उन्हें बहुत ही निराश और व्यथित कर दिया है। दुख की बात है कि यह अकेली घटना नहीं है, देश के अन्य हिस्सों में भी छोटी-छोटी बच्चियों के साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं। मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराध पर लिखे एक विशेष लेख में कहा कि बस ! बहुत हो चुका। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि निंदनीय मानसिकता महिलाओं को कमतर इंसान, कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। उन्होंने कहा कि निर्भया केस के बाद से 12 वर्षों में, समाज द्वारा अनगिनत बलात्कारों को भुला दिया गया है। यह भूलने की बीमारी घृणित है। राष्ट्रपति ने कहा कि इतिहास का सामना करने से डरने वाले समाज सामूहिक भूलने की बीमारी का सहारा लेते हैं; अब समय आ गया है कि भारत इतिहास का सामना करे। राष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस विकृति से व्यापक तरीके से निपटना चाहिए ताकि इसे शुरू में ही रोका जा सके। अब समय आ गया है कि भारत ऐसी 'विकृतियों' के प्रति जागरूक हो और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम और कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। कोलकाता में छात्र, डॉक्टर और आम लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, फिर भी अपराधी खुले आम घूम रहे हैं। उस समय भी अपराधी अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए हैं। 'महिला सुरक्षाः बस ! बहुत हो चुका' शीर्षक लेख में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नौ अगस्त को कोलकाता में हुई घटना पर पहली बार अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने वाली मानसिकता जिम्मेदार है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। नौ अगस्त को कोलकाता के एक अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना निश्चित है, और मैं भी आक्रोशित हूं।

राष्ट्रपति ने अगर सामूहिक स्मृतिलोप की निंदा की है, तो अब सरकारों का यह दायित्व है कि वे इस बीमारी का यथोचित इलाज करें। मणिपुर में क्या हुआ था? एक वंचित आबादी ने दूसरी वंचित आबादी का शोषण किया था। और तो और, शोषण और अत्याचार में महिलाएं भी शामिल थीं।

महिलाओं ने पुलिस ही नहीं, सेना को भी काम करने से रोका था। केवल निंदा, दुख और रोष से कुछ नहीं होने वाला, जमीन पर उतरकर काम करना पड़ेगा। समाज और उसके कणधारों को आईना दिखाना पड़ेगा। यह पूरा विमर्श केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित न रहे, तो ज्यादा बेहतर है। महिला शोषण किसी एक राज्य का मामला नहीं है।देश भर में बच्चियों महिलाओं के साथ दुराचार की वारदातों की झड़ी लगी है छात्राएं स्कूलों मदरसों में सुरक्षित नहीं है कार्यस्थलों पर महिलाओं को असुरक्षा बोध से गुजरना पड़ रहा है केरल में मलयाली फिल्म उद्योग को कुछ प्रभावशाली सफेदपोशों ने महिला शोषण का अड्डा बना दिया। और यह कितना शर्मनाक है कि घिनौने शोषण को उजागर करने वाली हेमा रिपोर्ट को चार साल से ज्यादा समय तक दबाए रखा गया। अब 19 अगस्त को रिपोर्ट सामने आ गई है, तो फिल्म उद्योग के बड़े रसूखदार निर्माता निर्देशक व नेताओं के खिलाफ 17 मामले दर्ज हो चुके हैं। 2017 में एक न्यायिक आयोग गठित किया गया जिसने चार साल पहले अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी लेकिन केरल की सरकार ने रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की और उसे दबाए रखा था।

उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार की नीति बलात्कार संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित मौजूदा कानूनों में संशोधन के लिए अगले सप्ताह विधान सभा में विधेयक पारित किया जाएगा, ताकि दुष्कर्म के अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। ममता बनर्जी इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर राज्य में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति को स्वीकार करने के स्थान पर गेंद केंद्र सरकार के पाले में फेंक रहीं हैं।ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर इस तरह की राजनीति राजनीतिक लोगों की मर चुकी संवेदनाओं को दर्शाती है। यकीनन यह कितना शर्मसार कर रहा है कि महिलाओं बच्चियों की सुरक्षा में हो रही कोताही को लेकर महामहिम राष्ट्रपति निराश भयभीत हैं देश आक्रोशित है राजनीति बेहया है और सिस्टम नाकारा? देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भावनाओं को समझकर प्रदेशों और देश की सरकारों को दुष्कर्म के अपराधियों विरुद्ध कठोर कानून बनाने चाहिए और यह बात भी सुनिश्चित करनी चाहिए कि अपराधियों को एक समय सीमा के बीच किये अपराध की सजा भी मिल जाए, क्योंकि राष्ट्रपति ने सही समय पर महिलाओं और बच्चियों पर किए जा रहे असमानता और यौन दुर्व्यवहार दरिंदगी और बर्बरता की ओर देश और समाज को जागरूक किया है। राष्ट्रपति महोदया देश व राज्य की सरकारों कार्यपालिका और न्यायपालिका को भी साफ तौर पर निर्देशित करें कि अब बहुत हो चुका अब सभी सरकारें सरकारी मशीनरी और न्यायपालिका महिलाओं बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराधों और अत्याचार के खिलाफ एक अभियान बनाकर कार्यवाही करें ताकि देश की आधी आबादी भी अपराध मुक्त निर्भय जीवन जी सके।

# हैदराबाद में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की महक

■ सीसीआरटी कार्यशाला में बस्तर सहित छग का आठ सदस्यीय दल शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 31 अगस्त।** सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) हैदराबाद में नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत शिक्षा में पुतली कला की भूमिका विषय पर 15 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमे छग, झारखण्ड, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों के प्राथमिक शिक्षक सहभागी है। सत्र के तृतीय दिवस छग की टीम ने छग प्रदेश की संस्कृति, परम्परा, पर्यटन, बस्तर दशहरा, तीज-त्यौहार, खान-पान, वेशभूषा और लोक गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गई। प्रदर्शनी में ठेठरी, खुरमी, अइरसा, खाजा, बताशा, लाई, करी लाड़ू, तीली लाड़ू, कटवा आदि पकवान तथा अक्ति पुतरी पुतरा बिहाव, पोरा - जांता, गेंड़ी, नयाखानी, भोजली, मांगरोहन, सीक, पिल्ली, करसा, पर्रा, टुकनी, सूपा, झेझरी, मउहा पान अउ पतरी, मंड़वा आदि की प्रदर्शनी लगाई। जिसका विभिन्न राज्यों से आये हुए प्रतिनिधियों ने देखकर छग की संस्कृति को करीब से जाना और प्रदर्शन भूरी - भूरी प्रशंसा की। इस दौरान छग राजगीत, सुआ, पंथी, राऊत नाचा, बस्तारिया गीत आदि की रंगारंग प्रस्तुति दी गई सीसीआरटी सेंटर हैदराबाद के डाइरेक्टर चंद्रशेखर, कार्यशाला के कोर्डिनेटर सौंदर्या कौशिक, प्रवीण ने छग की टीम को शानदार प्रस्तुति के लिए बधाई दी।

छग की टीम में अमित प्रजापति (बालोद), नीलमणी साहू (जगदलपुर), नानू यादव (रायगढ़), रंजीता राज (सक्ति), हिरोंदा कोर्राम (कांकेर), कविता कोरी (बिलासपुर), पद्मजा गुप्ता(गरियाबंद), श्रद्धा शर्मा (रायपुर) सम्मिलित है। कार्यशाला में पुतली कला, डांस, ड्रामा, कहानी, ड्राइंग, पेंटिग, संगीत आदि की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जोड़ते हुए सार्वगीण शिक्षा प्रदान करने देश भर के शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है।











## एक नजर

### जिले में अब तक 1224.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 1659.3 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 885.7 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 1226.3 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 997.9 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 947.5 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 1612.6 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 1245.4 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 8574.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1224.9 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**सुकमा, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस.एस के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय सुकमा में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 29 अगस्त, 2024 को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया है। कार्याक्रम एकलव्य परिसर, सुकमा में श्री मनोज देव, पूर्व खिलाडी व गणमान्य ने मेजर ध्यानचंद के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजन के अंतर्गत करीबन 320 स्कूली छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स (100 मीर गोला फेक, लंबी कूद), बाली बाल, खो-खो, कबडडी का खेल आयोजित किया गया। श्री विरूपाक्ष पुराणिक प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि आयोजन बालक-बालिका दोनों वर्ग में किया गया। विजेता-उप विजेता खिलाड़ियो को पुरुस्कृत किया गया।

### एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम: कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया पौधारोपण

**सुकमा, 31 अगस्त।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एक पेड़ माँ के नाम का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत सितंबर, 2024 तक देश भर में 80 करोड़ पौधे लगाने और मार्च, 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा में उपरोक्त अभियान के परिपालन में गुरूवार को मुरतोंडा स्थित प्रक्षेत्र में काजू को रोपित किया गया, केन्द्र के श्री एच. एस. तोमर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, विषय वस्तु विशेषज्ञ, श्री यमलेश्वर भोयर, इंद्रपाल साहू, एसआर.एफ., चिराग परियोजना, तथा ज्योतिष कुमार पोटला, कट्टम रंजना, जुनकी, सुखमन नाग, बुधराम आदि अधिकारी/कर्मचारियों ने वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के तहत् काजू के पौधों का रोपण कार्य किया। उल्लेखनीय है कि अभियान के एक भाग के रूप में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 29 अगस्त, 2024 को माननीय कृषि मंत्री , भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक जन आंदोलन है और लोग पेड़ लगाकर अपनी माँ और धरती माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए इसमें भाग ले रहे हैं। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली का एक जन आंदोलन है, के उद्देश्य की पूर्ति भी होती है। कृषि में, पेड़ लगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।



### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और 6 दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**किरन्दुल 31 अगस्त।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया कम्पनी (एएम/एनएस) द्वारा समलवार ग्राम पंचायत में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 85 मरीजों को लाभान्वित किया गया। इस शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाओं के साथ-साथ पैथोलॉजिकल जांच की सुविधाएं भी प्रदान की गईं, जिनमें शुगर, बीपी, और मलेरिया की जांच शामिल हैं। इसके अलावा चित्रकोंडा पाइपलाइन कॉरिडोर के गांवों के लिए कल 6 दिवसीय नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर के पहले दिन ही 287 लोगों की आंखों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाएं एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ही एएम/एनएस इंडिया की सीएसआर टीम एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे और समय पर आवश्यक उपचार प्राप्त कर सकेंगे। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी दंतेवाड़ा के पाइपलाइन गांवों एवं आदिवासी क्षेत्रों में विकास, सामाजिक कल्याण, युवा उत्थान, स्पोर्ट्स, शिक्षा एवं रोजगार के साथ ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को प्राथमिकता देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कम्पनी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने एवं नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है।

# युवती से अनाचार करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ घटना दिनांक के 20 दिन बाद पीड़िता ने केशकाल थाने में दर्ज करवाई थी रिपोर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, योगेश गोस्वामी



**केशकाल 31 अगस्त।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 29/08/2024 को केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी पीड़िता ने थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई कि विगत दिनांक 9 अगस्त 2024 को वह अपने नजदीकी रिस्तेदार के साथ घर से सिलाई मशीन लेने के लिए केशकाल गई थी जो कि घर वापसी के समय अपने पुरुष मित्र को कॉल करके घर छोड़ने के लिए कहती है पुरुष मित्र के साथ उसके चार दोस्त भी थे घर छोड़ते समय रास्ते के जंगल में मौका पाकर पुरुष मित्र एवम उसके दोस्तो ने पीड़िता के साथ बारी बारी से अनाचार किया पीड़िता को उसके पुरुष मित्र काल करके धमकी देता था कि घटना की जानकारी किसी को बताई तो जान से मार देंगे इस भय से पीड़िता ने यह जानकारी किसी को नही बताई बीते दिन पीड़िता ने हिम्मत करके घटना की जानकारी अपने परिजन को बताई और थाना केशकाल पहुंचे।

प्रार्थिया की रिपोर्ट के आधार पर तत्काल बीएनएस की धारा 70, 351 (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चधिकारियों को अवगत करवा कर तत्काल विवेचना शुरू की गई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय कोंडागांव श्री वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से) के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश कुमार डांडे के मार्गदर्शन एवं केशकाल एसडीओपी श्री भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में केशकाल पुलिस व सायबर सेल की विशेष टीम गठित की गई।

आरोपियों की पतासाजी के दौरान तकनीकी मदद लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की गई। परिणामस्वरूप चंद घण्टों में पुलिस टीम ने घटना में संलिप्त पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया है। ततपश्चात सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी विकास बघेल, एसआई धीरेंद्र ठाकुर, एएसआई हेमंत देवांगन,निहार मंडल,दिनेश डहरिया प्रआर. संजय बिसेन, ऋतुराज सिंह,ललित नेताम, माधुरी रावटे जयो चन्द्रवंशी आ. मनोहर निषाद, अरुण यादव,लिलेश्वर ध्रुव, संभू मांडवी, जागेश नेताम, रामू नेताम,अनिल कुलदीप, संतोष कोडोपी,अजय देवांगन, बिरजु सोरी, विष्णु मरकाम, मनोज पोयाम,चंदन यादव मआ. नंदकुमारी कुंजाम, सोनल यादव,चंद्रबती नेताम, की अहम भूमिका रही। आरोपियों के नाम- 1.कमलेश नेताम 2. नंदकुमार पटेल 3. महेंद्र मरकाम 4.लक्ष्मीनाथ नेताम 5.सोनाराम मरकाम।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारी, दिया प्रशिक्षण

**सुकमा, 31 अगस्त।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों एवं सेवा निर्वाचक से संबंधित निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम कराया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन में जिले के बूथ लेबल अधिकारी, सुपरवाईजरों एवं तहसील कार्यालय के कर्मचारियों को गुरूवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दृष्टि स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति परिसर सुकमा में आयोजित की गई। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता की गतिविधियों तथा पुनरीक्षण अवधि में किये जाने वाले डोर-टू-डोर सर्वे, डीएसई संबंधित कार्य तथा निर्वाचक नामावली को शुद्ध किये जाने के संबंध में बूथ लेबल अधिकारी एवं सुपरवाईजरों का प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 कार्यक्रम जारी किया गया है।



प्रशिक्षण सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन कार्यालय श्री सौरभ कुमार उप्पल द्वारा कोन्टा, दोरनापाल, तोंगपाल, गादीरास, छिन्दगढ़ और सुकमा तहसील के बूथ लेबल आफिसरों को सहित तहसील कार्यालय के कर्मचारियों को दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे कर नए दिव्यांग, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी ली जाएगी और तहसील में जमा किया जाएगा।

## राज्य स्तर में दिखायेंगें 3 खिलाड़ी अपने हॉकी का जौहर

**सुकमा,31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । 29 अगस्त, गुरूवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर आयोजित राष्ट्रीय खेल देवस पर पंडरीपानी स्टेडियम जगदलपुर में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा चयन हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। सुकमा जिला के सहायक जिला खेल अधिकारी श्री कमल कोसरिया ने बताया कि सुकमा जिले के सात खिलाड़ियों में से सेजेस छिन्दगढ़ के तीन खिलाड़ी कृष्णा कुहरामी, तनुजा नाग, शशिकला राणा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाडियों को बधाई एवम् शुभकामनाएं दी।



# लता उसेण्डी ने मण्डल स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव 31 अगस्त।** भाजपा आगामी 2 सितम्बर से पूरे देश में राष्ट्रवापी सदस्यता अभियान की शुरुवात कर रही है। जिसके तहत प्रदेश स्तरीय,जिला स्तरीय कार्यशाला के पश्चात सभी मंडलो में अभियान की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। 30 अगस्त को कोंडागांव विधानसभा के बीजापुर और उत्तर मण्डल में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत कार्यशाला रखी गयी। बैठक में लता उसेण्डी ने बताया कि 2019 के बाद अब 2024 में सदस्यता अभियान नए सिरे से शुरू हो रहा है. 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के सदस्य बन कर सदस्यता अभियान की शुरुवात करेंगे. 5 तारीख से मिस कॉल, लिंक के माध्यम से मण्डल में सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन सकते हैं. जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने बताया की 2 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलेगा जिसमे भाजपा के सभी कार्यकर्ता इसे महापर्व की तर्ज पर पूरे क्षेत्र में इस अभियान को चलाएंगे। बैठक में जिला महामंत्री आकाश मेहता, अनिल अग्रवाल, जितेंद्र सुराना, मनोहर साहू, प्रतोष त्रिपाठी, खेमचंद नेताम, कृष्णा पोयाम, मीनू कोर्राम, संजू पोयाम, सुदर बघेल,दयाल राम नेताम,मंगल सिंह बघेल, गेंद लाल शर्मा, गणपत पोयाम, निरन बघेल, जसवंत श्रीवास्तव, ध्रुवा मंडावी,रमेश नाग रामबाई बघेल, गौरचंद बघेल,दलीचंद बघेल,बैसाखू कोर्राम,राम दयाल प्रभाकर,हीरालाल मोर्य,अभिनेत्र सिंह, शुभम संचेती,महेंद्र पांडे,महेंद्र नेताम,धनीराम सोरी,कनक सोरी, प्रमिला मरकाम, प्रकाश तिवारी,रामलाल सलाम,लखीराम यादव के साथ सभी बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



■ सेवानिवृत्त हुए 19 शासकीय सेवकों को कलेक्टर ने दिया पेंशन प्राधिकार पत्र

# सेवानिवृत्ति के साथ ही शासकीय सेवकों को पीपीओ जारी करने की परम्परा अनुकरणीय : कलेक्टर

**जगदलपुर 31 अगस्त।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समारोह में कहा कि शासन की पहल से प्रत्येक माह सेवानिवृत्त हो रहे जिले के शासकीय सेवकों को उनकी शासकीय सेवा काल के समाप्ति के समय पर ही पीपीओ जारी करने का सार्थक प्रयास विगत 14 महीने से किया जा रहा है। लगातार समय-सीमा की बैठक में समीक्षा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने के बाद अब प्रक्रिया सतत हुई है। यह अनुकरणीय परम्परा अनवरत रूप से चलती रहे यही कोशिश रहेगी। इसके लिए कोषालय और कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं साथ ही दोनों कार्यालय द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों का पीपीओ जारी करने की दिशा में सक्रियता के साथ पहल किया जा रहा है। प्रशासन की कोशिश है कि सेवानिवृत्ति के साथ ही सम्बंधित शासकीय सेवकों को लंबे समय तक शासकीय सेवा के परिश्रम का सभी स्वत्वों का समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बी अवधि तक शासकीय सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपने शासकीय सेवा के अनुभव और सीख का सदुपयोग समाज के लिए करें। सभी शासकीय सेवक नौकरी के दौरान स्वयं के लिए, परिवार और समाज के लिए समय नहीं निकाल पाए होंगे, वे सेवानिवृत्त होने के पश्चात भी सक्रिय रहकर स्वयं एवं परिवार और समाज को समय देवें। कलेक्टर ने कहा कि पदीय दायित्व का निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को सम्मान करने का यह अवसर गौरव का पल है बुजुर्ग साथी हमें आशीर्वाद दें। शासन-प्रशासन ने जिले के सभी विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले सेवकों का ज्यादा से ज्यादा पेंशन से संबंधित प्रकरणों का समय पर निराकरण का प्रयास कोषालय और कोष, लेखा पेंशन कार्यालय के द्वारा किया जा रहा है और लगातार अधिक से अधिक पेंशन प्रकरणों में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों की स्वस्थ और सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में माह अगस्त 2024 में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पुष्पमाला एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किए। वहीं इन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी ने बताया कि अगस्त माह में सेवानिवृत्त 22 शासकीय सेवकों में से 19 को पेंशन प्राधिकार पत्र जारी की गई है। शेष का आवश्यक कार्यवाही के बाद जल्द पीपीओ जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन श्री कमलेश रायस्त सहित जिला कोषालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी और सेवानिवृत्त शासकीय सेवक मौजूद थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति हो रहे शासकीय सेवकों ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए शासन-प्रशासन के द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजन को सराहनीय पहल निरूपित करते हुए आभार व्यक्त किए।



## समाचार संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



**सुकमा,31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग बैठक संपन्न हुआ। उन्होंने विकासखंडवार संकुल समन्वयको एवम प्राचार्यो से स्कूल से संबंधित चर्चा की। उन्होंने जिले में चल रहे ईजीएल योजना की समीक्षा करने, जतन योजना की समीक्षा करते हुए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी से गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिए।साथ ही समस्त प्राचार्य संकुल समन्वयक को सुकमा जिले के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर मंडावी द्वारा उपस्थित संकुल समन्वयक, प्राचार्यो से मीटिंग के एजेंडा वार विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इंस्पायर अवार्ड के लिए दिए गए टारगेट अनुरूप पंजीयन करवाने को कहा , प्रति माह औसत उपस्थिति की जानकारी,एवम मासिक परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रति माह समीक्षा की जायेगी। बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई, संस्था में मध्यान भोजन का मीनू चस्पा करना को कहा गया। बैठक बताया कि शाला त्यागी बच्चों की सूची तैयार कर एसएमसी/एसएमडीसी ,प्रधानाध्यापक के साथ संकुल समन्वयक अहम जिम्मेदारी निभाएंगे। शत प्रतिशत बच्चों को शाला में पुनः प्रवेश दिलाना, पक्सो बॉक्स प्रत्येक संस्था में रखने, यातायात सुरक्षा संबंधी जानकारी, जाति निवास बनवाने के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जिला मिशन समन्वयक श्री श्याम सुन्दर सिंह चौहान, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्री नारायण वर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक श्री आशीष राम एवम जिले के समस्त प्राचार्य, संकुल प्राचार्य संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

### किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और सब्जी बीज वितरित

**सुकमा, 31 अगस्त।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती न्रमता जैन के कुशल मार्गदर्शन में आकांक्षी जिला सुकमा में संपूर्णता अभियान नीति आयोग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग द्वारा सिलगेर और तोंगपाल ग्राम पंचायत में बैठक आयोजित की गई। नियद नेल्लनार योजना पंचायत के सभी प्रमुख किसान और स्थानीय प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक में मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि योजनाओं, प्रत्येक किसान को उनकी मिट्टी की पोषक स्थिति का मूल्यांकन करने के साथ ही उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने वाली नई तकनीकों के बारे जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कृषि विभाग द्वारा कृषकों को जैविक कीटनाशक, सब्जी फसलों के लिए गुणवत्तापूर्वक बीज का वितरण किया गया। इस दौरान कृषकों को बताया गया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) जैसे आवश्यक पोषक तत्वों के साथ-साथ सल्फर जैसे द्वितीयक पोषक तत्व और जिंक, आयरन और कॉपर जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व शामिल करना आवश्यक है।





**जगदलपुर 31 अगस्त।** ग्राम पंचायत रायकोट के ग्रामीणों ने अपने गांव की परिसीमन को लेकर मेरे निज कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपने गांव की सीमाओं की पुनः समीक्षा की मांग की, जिससे विकास कार्यों में सुधार हो सके। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले को प्राथमिकता से लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



**जगदलपुर 31 अगस्त। बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स की मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गई हैं। उपाध्यक्ष के दोनों प्रत्याशी उत्साहित है।**


**एक नजर**

## मुरारी राम देवांगन बने छत्तीसगढ शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष



**छुरा, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए। संघ के वर्तमान अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर जिलाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर एवं प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी के अनुशंसा पर मुरारी राम देवांगन को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मुरारी राम देवांगन 39 वर्षों से संघ के विभिन्न पदों पर रहते हुए शिक्षक संघ के लिए निर्भीकतापूर्वक कार्य करते रहे हैं।बेबाक अभिव्यक्ति के धनी मुरारी राम देवांगन मुखर वक्ता, अनुशासनप्रिय, कर्तव्यनिष्ठ एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ के रूप में विख्यात हैं। आदर्श शिक्षक होने के साथ ही प्रांतीय स्तर पर कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं। मुरारी राम देवांगन के जिलाध्यक्ष बनने पर प्रांताध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, प्रमुख संगठन मंत्री प्रदीप शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, जिला महामंत्री सी.आर. सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष मोतीलाल साहू, थानेश्वर निर्मलकर, प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक मदन लाल सेन, सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा, सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सुखीराम निषाद, सेवानिवृत शिक्षक बी.एल. तारक, उखराज सिंह ध्रुवा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, सर्व शिक्षक संघ अध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा, उमेश कुमार ढीढी, सुशील कुमार पांडे, चंद्रभूषण निषाद, करुणा वर्मा, शीतल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## भठेली में तुलसीदास जयंती समारोह एवं मानसगान सम्मेलन 1 को



**भखारा, 31 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ मानस संगठन की तत्वाधान में तहसील स्तरीय संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन कल रविवार को नगर पंचायत भठेली(भखारा) की दुर्गा मंच वार्ड क्रमांक -11 मे आयोजित होगी। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास एवं भगवान राम की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन पश्चात होगी! उक्त आयोजन मे नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण, संरक्षकगणो, सलाहकार समिति, मानस आजीवन सदस्यों एवं अतिथियों का सम्मान समारोह भी आयोजित है। तत्पश्चात मानसगान का आयोजन एवं मानस कलाकारों का मंचीय अभिनंदन एवं सम्मान किया जावेगा। उक्त आयोजन का उद्देश्य रामचरित मानस के माध्यम से वर्तमान जीवन परिवेश मे जागृति लाने एवं नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं राम चंद्र जी के आदर्शो को अपने जीवन चरित्र मे अनुकरण कराने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ मानस संगठन मे पंजीकृत मानस मंडलीयों के द्वारा मंच पर राम कथा मन्दाकिनी अविरल रूप से प्रवाहित होगी। साथ ही रात्रि मे छत्तीसगढ़ की लोक पारम्परिक कला राउत नाचा का भी आयोजन किया जाएगा! उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मानस संगठन तहसील भखारा के अध्यक्ष नितेश मानिकपुरी ने दी है।

### जयस्तंभ चौक में संगीत कार्यक्रम में उमाशंकर ग्रुप आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने एक से बढकर दी प्रस्तुति

# 13 वर्षों से रामनाम सप्ताह का आयोजन सराहनीय : साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 31 अगस्त।** एक सुरमई शाम संगीत निशा का आयोजन शुक्रवार को शंकरवार्ड जय स्तंभ चौक मे किया गया जहां बिलासपुर से आये उमाशंकर ग्रुप आर्केस्ट्रा ने एक से एक गानो की प्रस्तुति ने लोगो का मन मोह लिया शंकरवार्ड के पूर्व पार्षद, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनंजय तिवारी के द्वारा आयोजित इस संगीतमय शाम कार्यक्रम के आयोजन मे देर रात तक लोगो नै इसका आनंद उठाया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव, अध्यक्षता पूर्व मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा व विशेष अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फग्गा महराज, वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वरसिंह ठाकुर, देवेन्द्र भृगु, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव मौजूद रहे, इस अवसर पर विशेष रूप से मुंशी इस्माईल वार्ड के कांग्रेस नेता चन्द्रशेखर चक्रधारी विशेष रूप से मौजूद रहे विधायक इन्द्रसाव का स्वागत कर कार्यक्रम के आयोजक धनंजय तिवारी का हौसला बढाया। विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन मे इस आयोजन के लिए धनंजय तिवारी को बधाई दी व लगातार रामसप्ताह जूलूस के बाद यह कार्यक्रम बीते 13 वर्षों से कराया जा रहा है इसके लिए उनकी प्रशंसा की और यथा संभव जो भी सहयोग इस कार्यक्रम के लिए होगा उसे करूंगा, कार्यक्रम को सुशील शर्मा एवं देवेन्द्र भृगु ने भी संबोधित कर इस आयोजन के लिए बधाई दी, धनंजय तिवारी जो इस कार्यक्रम के आयोजक थे उन्होंने सभी शंकरवार्ड वासियों सहित उपस्थित नगरवासियों का इस कार्यक्रम मे जो उनका सहयोग मिला उसके लिए सभी का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने जो अपना बहुमूल्य समय निकाला और यहां आये और मेरा मनोबल बढाया इसके लिए आप सभी का हृदय से आभारी हूं। कार्यक्रम का बहुत ही सुन्दर ढंग से संचालन पत्रकार कोमल शर्मा ने किया।

कार्यक्रम मे उमाशंकरग्रुप के गायक कलाकारों ने एक से एक फिल्मों नगमो की प्रस्तुति ने लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया खासकर ग्रुप की 71 वर्षीया तृप्ति निगम ने अपने मीठे स्वर मे गीतो और शेरो शायरी ने लोगो को बांधे रखा गायक कलाकार आशीष, आयुषी के स्वर का जादू पूरे समय मंच पर छाया रहा साथ वाद्य कलाकारों की बहुत सुन्दर प्रस्तुति रही लगभग चार घंटे चले इस कार्यक्रम को लोगो ने बडी शांति से सुना इस दौरान कुछ चुनिंदा नगमे जो आज भी लोगो की जुंबा पर है जिसमे ढपली वाले, मुझे नौ लक्खा दिला दे, भोले वो भोले, तेरे जैसा यार कहां, परदेशिया, छुप गये तारे नजारे, आदि नगमो के साथ अन्य गानो की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 31 अगस्त।** ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ छग के प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने 27 अगस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर बंजारा समाज के आराध्य संत सेवालाल जी के छायाचित्र भेटकर एसटी प्रकरण, नया रायपुर मे छात्रावास, निगम मंडल आयोग मे प्रतिनिधित्व की मांग, सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आगामी 15 सितंबर को रायपुर होने वाले राज्य स्तरीय बंजारा महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने आने की स्वीकृति प्रदान की है। इस दौरान अखिल बंजारा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव राम नायक, बंजारा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, कौडिया परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल नायक, कौड़िया परिक्षेत्र के पूर्व उपाध्यक्ष इंदल सिंह नायक, देवभोग परिक्षेत्र के अध्यक्ष खगेश्वर नायक, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ विष्णु नायक, प्रदेश महामंत्री युवा प्रकोष्ठ मनोज मुछावड़, मेगासिटी अध्यक्ष रायपुर आलेख नायक, प्रदेश संगठन मंत्री धनसाय नायक, रायपुर संभागीय अध्यक्ष कामेश बंजारा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गिरधर बंजारा, फुलझर परिक्षेत्र के सचिव दुर्गा नायक सहित अन्य बंजारा बंधु सम्मानित हुए।

# साहू समाज की जिला स्तरीय तीज महोत्सव 1 को



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 31 अगस्त।** जिला साहू संघ धमतरी व तहसील साहू संघ भखारा एवं परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा की संयुक्त तत्वाधान में कल रविवार को जिला स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन त्रिकुटी धाम कोसमर्रा परिक्षेत्रीय साहू समाज भवन महर्षि वेदव्यास कॉलेज के समीप सोसायटी मैदान में किया जावेगा। जिसकी रूपरेखा तय करने के लिये तहसील साहू समाज भखारा द्वारा तहसील एवं परीक्षेत्रीय पदाधिकारी ने बैठक आहूत कर रूपरेखा बनाया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष मिलु राम साहू, भोलाराम साहू, गणेश साहू, होमेंद्र साहू, प्रहलाद साहू, रामचंद्र साहू, जितेंद्र तेलासी, नंदकुमार, घसिया राम, गिरवर साहू, चंद्र कुमार साहू, चोवाराम साहू, राजेंद्र साहू, चंद्रिका साहू, तुकाराम साहू, अशोक साहू, भूषण साहू, शिवनारायण साहू, दमयंती साहू, हेमलता साहू उपस्थित रहे तहसील साहू संघ भखारा अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने सामाजिक बंधुओं को तीज महोत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## 1 सितंबर से घर-घर होगी जाकर पशुओं की गिनती

**बलौदाबाजार, 31 अगस्त(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पशुधन विकास विभाग द्वारा 21 वीं पशु संगणना कार्य हेतु नियुक्त किये गये पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों हेतु प्रथम चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पशुधन विकास विभाग कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रत्येक पांच वर्षो में पशुओं की गणना का कार्य किया जाता है। इसी तारतम्य में 21 वीं पशु संगणना का कार्य 01 सितम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन मोड में किया जाना है। इस कार्य हेतु बलौदाबाजार भाटापारा जिले में 83 प्रगणक एवं 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिनका जिला स्तर पर आई.डी. तैयार कर लिया गया है। मोबाईल एप्स के द्वारा किये जाने वाले संगणना के कार्य का अभ्यास करने हेतु विभागीय अधिकारियों का एक दिवसीय हैण्ड्स ऑनलाइन ट्रेनिंग जिला नोडल अधिकारी द्वारा दिया गया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 21 वीं पशु संगणना से संबंधित समस्त तैयारियां कर लिया गया है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा
### (जिला निर्माण समिति)

**::मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::**

निविदा विज्ञप्ति क्र. 06/जि.नि.स./लो.नि.वि./24-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 29/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सक्षम-2 छात्रावास भवन एवं मेस का जीर्णोद्धार कार्य। | 38.36 |
| | **कुल 01 कार्य** | **38.36** |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. **निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18-09-2024 है।**

**नोडल अधिकारी**
जिला निर्माण समिति शाखा
(का.अ.लो.नि.वि.)
दन्तेवाड़ा

जी- 242502128/4


## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन ने बूथ कार्यकर्ताओं को बांटी प्रोत्साहन राशि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 31 अगस्त।** रायपुर लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय का नगर पंचायत क्षेत्र सिमगा के बूथ क्रमांक 32, में करारी हार के बाद शंकर नगर के बूथ संयोजक नारायण निषाद सह संयोजक परस पाटकर बूथ अध्यक्ष दिनेश निषाद और पूर्व पार्षद राजेश सिंह को 21, हजार रुपये का चेक भारतीय जनता पार्टी एवं बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र की ओर शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा द्वारा प्रोत्साहन राशि दी गई है। इस अवसर पर भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 202408092100022
अ/6 वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्याम अग्रवाल पिता स्व श्री दीपक अग्रवाल आयु 31 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी नरसिंग वार्ड नं. 12 खंडूपारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि मेरे पिता स्व. श्री दीपक अग्रवाल पिता मातादीन व उनके सहखातेदारों के नाम से नरसिंग वार्ड डोंगरगढ़ में शीट क्र. 06 में भूखंड क्र. 1626/1ए क्षेत्रफल 1669.50 वर्गफुट भूमि स्थित है। मेरे पिता स्व. श्री दीपक अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 13/06/2024 को स्थान यूनाइटेड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल गोंदिया में हो चुकी है। स्व. श्री दीपक अग्रवाल के वारिश श्यामा अग्रवाल (पुत्री), संदीप अग्रवाल (पुत्र), निखिल अग्रवाल (पुत्र), श्याम अग्रवाल (पुत्र) है। इसके अलावा अन्य कोई वारिश नहीं है। मृतका की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त खाते से मृतका का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
डोंगरगढ़ (छ.ग.)


# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 385 आवेदन 209 का तत्काल निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 31 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप पलारी विकासखंड के ग्राम कोदवा में तीसरा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन गांव के मिडिल स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 385 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 209 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 176 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 5 हितग्राहियों को घर की चॉबी, 6 किसानों को ऋण पुस्तिका, बिहान समूह से संबंधित 5 महिला समूहों को 7 लाख 50 हजार रूपये ऋण, कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य पत्रक, 5 को पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 6 मछली जाल, 2 आईस बाक्स, खाद्य विभाग द्वारा 10 नए राशन कार्ड, 2 को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 आयुष्मान कार्ड, 2 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 व्हील चेयर प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भारती-मोनू साहू, सुमित्रा धृतलहरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज आडिल, गांव के सरपंच दुर्गा महेश्वर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरो के चक्कर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव. (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202408092100023
अ/6 वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण मोहम्मद खुर्शीद अली आ. मो. अकील एवं अन्य 03 निवासी वार्ड नं. 16 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ( छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता स्वर्गीय अकील के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर गोल बाजार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भूमि दुकान शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 1385/1 ( क्षेत्रफल 207 वर्गफीट बिना लगानी है। आवेदकगण के पिता स्वर्गीय अकील की मृत्यू दिनांक 17.11.2021 को डा. भीमराव आम्बेडकर स्मृति हास्पिटल रायपुर में हो गया है। इनके वारिसान पत्नी नजमा बेगम् पुत्र मो. खुर्शीद अली, पुत्र मो. मुर्शीद अली, पुत्र मो. अहसान तौसिफ है। राजस्व अभिलेख से अकील का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम वारिसान हक से संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो यह पेशी दिनांक 18/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

मुहर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई
### (संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/472/147 भिलाई, दिनांक 30/8/2024

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स वन्देमातरम बिल्डर्स पार्टनर श्री श्रीकांत खेड़िया निवासी-श्रीसदन, ए मार्केट, सेक्टर-1, भिलाई एवं मेसर्स श्रीराम डेव्हलपर्स, पार्टनरशिप श्री ओमप्रकाश शर्मा, निवासी-27/11, नेहरूनगर, भिलाई के तरफ आ.मु. श्री राजू दीप कुमार, पिता-मोतीलाल बैठा, निवासी-वार्ड नं.-36, बिहारी कालोनी, खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री विजय कुमार सिंह आ. श्री भीम सिंह निवासी-एम.आई.जी.-सी/2300, हाउसिंग बोर्ड, औ. क्षेत्र भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-16, कैलाश नगर कुरूद, श्रीराम हाईट्स, भिलाई, फ्लैट नं.-ई-404 चतुर्थ तल, क्षेत्रफल-748 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | रघुनाथ राव बारस्कर, पिता श्री श्याम राव बारस्कर निवासी-02 तासि रेसिडेंसी, फेक्चर अस्पताल के समाने गौठाना बैतुल, तह. व जिला-बैतुल (म.प्र.) | श्रीमती लाकेश्वरी साहू, पति-श्री अरविन्द कुमार साहू, निवासी-661 नवीन चौक वार्ड नं. 14, भाटापारा कुरूद भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, (कुरूद वार्ड नं. 16 सुंदर विहार पुरानी बस्ती कुरूद अंदर भाग) भिलाई प्लाट नं.-104 का भाग, खसरा नं.-1420/337, रकबा-750 वर्गफीट आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, प्रोपाईटर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के तरफ आ.मु. श्री रामकिंकर मिश्रा पिता श्री स्व. शिव कृष्ण मिश्रा | 1. श्री गारलापाटी रमेश कुमार आ. श्री गारलापाटी राधा कृष्ण मूर्ती, 2. श्रीमती गारलापाटी रितु ध.प. श्री गारलापाटी रमेश कुमार, निवासी-मकान /फ्लैट नं.-एम.आई.जी.-II/469, हुडको, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-01, चौहान हाउसिंग, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, मकान नं.-मैरीगोल्ड-64, क्षेत्रफल-1129.80 वर्गफीट, आवासी भवन निर्मित। |
| 4 | हरीश चंदर आनंद, पिता स्व. केशो राम आनंद, निवासी- म.नं.-131, वार्ड नं.-12, सुन्दर नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती स्वेता गोयल, ध.प.श्री सौरभ गोयल 2. सौरभ गोयल, पिता श्री सुभाष चन्द गोयल, दोनों निवासी-म.नं.-210, वार्ड नं.-36, चावला गारमेन्ट्स के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई. तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | मोतीलाल नेहरू नगर (पूर्व) आवासीय योजना, वार्ड नं.-03, कोसा नगर वार्ड, भिलाई, भूखंड क्रं.-02, ब्लाक क्र.-56, रकबा-135 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, प्रोपाईटर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के तरफ आ.मु. श्री रामकिंकर मिश्रा पिता श्री स्व. शिव कृष्ण मिश्रा से श्रीमती मंजू सिंह ध.प. श्री वकील सिंह, निवासी-फ्लैट नं. सी 1, 'ओम फ्लैट', रामपुर कोरबा (छ.ग.) | 1. विवेक सिंह, 2. नीतू शाही, 3. ज्योत्सना सिंह, सभी के पिता- स्व. श्री वकील सिंह, निवासी-फ्लैट नं.-16, ब्लॉक-डी 8, द्वितीय तल, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-01, चौहान हाउसिंग, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-16, ब्लॉक-डी 8, द्वितीय तल, क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6. | स्व. प्रकाशचंद केशरवानी, पिता कपूरचंद केशरवानी से श्रीमती पूजा केशरवानी ध.प. स्व. प्रकाशचंद केशरवानी, खुद तथा ना.बा. सूर्यांश केशरवानी के तरफ से वली पालक मां ना.बा.सूर्यांश केशरवानी, दोनों निवासी-नं.-50, वड़ामलाई स्ट्रीट चेन्नई सोकारपेट चेन्नई (तमिलनाडु) के तरफ से आम मुख्त्यार-कैलाशचंद केशरवानी, आ. स्व. कपूरचंद केशरवानी, निवासी-केम्प-2, वार्ड-25, मछली मार्केट पावर हाउस, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | कैलाशचंद केशरवानी, आ. स्व. कपूरचंद केशरवानी, निवासी-केम्प 2, वार्ड 25, मछली मार्केट पावर हाउस, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद वार्ड नं.-16 कुरूद वार्ड, (कैलाश नगर) अंदर भाग, भिलाई, प्लाट नं.-10, खसरा नं.-1603/96, रकबा-2400 वर्गफुट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | 'चौहान हाउसिंग' (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन जुनवानी, भिलाई, प्रोपाईटर-श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के तरफ आ.मु. श्री रामकिंकर मिश्रा पिता श्री स्व. शिव कृष्ण मिश्रा | श्रीमती दीप्ति लोधी बिन्दलिश, ध.प. श्री अनुज बिन्दलिश, निवासी-बी-309, स्ट्रीट नं.-02 स्मृति नगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-01, चौहान हाउसिंग, चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-27, ब्लॉक नं.-डी/9, चतुर्थ तल, क्षेत्रफल-663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 8 | सौरभ सोनी आ. नारायण प्रसाद सोनी, निवासी मकान नं.-4/3, वार्ड नं.-03, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) खुद तथा बहैसियत आम मुख्तयार-सृष्टि सोनी आ. नारायण प्रसाद सोनी, निवासी-मकान नं.-456, भूरा गली, वृन्दावन कॉलोनी, जगदलपुर बस्तर, तह. व जिला-जगदलपुर (छ.ग.) | प्रफुल्ल चित्ते आ. मनोहर चित्ते, निवासी-एम.आई.जी.-1/377, आमदी नगर, हुडको भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-04 राधिका नगर आवासीय योजना अंदर भाग भिलाई, भूखंड क्र.-03, ब्लॉक-04, क्षेत्रफल-78.75 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |

**उपायुक्त (संपत्ति कर)**

## एक नजर

### मुनाफा कमाने का झांसा देकर 2 लाख 60 हजार की ठगी

**रायपुर, 31 अगस्त।** स्टॉक मार्केट में शेयर निवेश कर ज्यादा लाभ कमाने का झांसा देककर अज्ञात आरोपियों ने 2 लाख 60 हजार ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरभ चंद्राकर 41 वर्ष ग्राम जुगेसर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 72030-68847 के धारक ने प्रार्थी को फोन कर स्टॉक मार्केट में शेयर निवेश कर ज्यादा लाभ कमाने का झांसा देकर अपने बताए खाता में 2 लाख 60 हजार रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला के गले से सोने की चेन पार

**रायपुर, 31 अगस्त।** इस्कान मंदिर के भीड़-भाड़ में अज्ञात व्यक्ति ने महिला के गले से सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष सिंह 48 वर्ष चंगोराभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी की पत्नी करूणा सिंह इस्कान मंदिर गई थी, जहां भीड़-भाड़ में अज्ञात आरोपी ने महिला के गले से सोने की चेन पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर, 31 अगस्त।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश पंचोरी 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर घर से 1 नग टीवी व मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर, 31 अगस्त ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दानेश्वर साहहू 28 वर्ष व बलीराम गायकवाड़ 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी शुभम जाल 24 वर्ष, देवराज सोनवानी 23 वर्ष व मोहम्मद जावेद 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश यादव 29 वर्ष व लक्ष्मीकांत साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी आदर्श शुक्ला 23 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी पवन लहरी 33 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी रूपेश वर्मा 26 वर्ष, आशीष शर्मा 27 वर्ष व अंकित बंजारे 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी ललित यादव 44 वर्ष व शिव ध्रुव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 31 अगस्त ।** नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि वार्ड 1 सांकरा के पास एक युवक पिस्टलनुमा हथियार लेकर घुम रहा है। ूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शंकर कुमार धृतलहरे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पिस्टल जब्त किया है।

### रायपुर शहर व नवा रायपुर में दो सितम्बर को पोला पर स्थानीय अवकाश

**रायपुर, 31 अगस्त ।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रायपुर शहर एवं अटल नगर, नवा रायपुर स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के लिए सोमवार दो सितम्बर को पोला पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### अवैध शराब की तस्करी करने वाला अर्जुन क्षत्रिय गिरफ्तार

**रायपुर, 31 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध रूप शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष टीम का गठन करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 28.07.2024 को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत मेडीशाईन अस्पताल के पीछे अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी अर्जुन क्षत्रिय को किया गिरफ्तार।

# पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन दिया जाएगा: खेल मंत्री

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ी खेलों के नाम पर किया खेला

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 अगस्त।** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि शासन छत्तीसगढ़ के परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए एक कार्ययोजना बना रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हमारा लक्ष्य है।

राज्य अलंकरण समारोह में खिलाड़ियों के साथ हुए भेदभाव के पश्चात एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले कई वर्षों से खेल अलंकरण नहीं बांटा जा सका। कांग्रेस के कार्यकाल में यह पुरस्कार नहीं दिया गया। इसके लिए तत्कालीन सरकार दोषी है। टंकराम वर्मा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलों के नाम पर खेला किया है। राज्य में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओलंपिक के पदक विजेताओं को अलग-अलग कैटेगरी में एक से तीन करोड़ रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से खिलाड़ियों में उत्साह है। राज्य में खेल प्रतिभाओं को विकसित करना एवं एक स्वस्थ वातावरण बनाना हमारा उद्देश्य है। खेल में किसी तरह की राजनीति हम नहीं चाहते हैं।

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के नाम से एक खेल स्पर्धा शुरू की गई थी। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हम छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देना चाहते हैं। इसके लिए निरंतर बैठकें हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं विकसित करने के लिए भी एक कार्यक्रम बनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों खोखो, कबड्डी, पिट्ठुल को भी प्रोत्साहन दिया गया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार क्षेत्र का निरंतर दौरा कर रहे हैं। उन्होंने तिल्दा विकासखण्ड में अनेक विकास योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए बैठक ली है। राजस्व संबंधी प्रकरणों के निपटारे के लिए भी नई गाईडलाईन जारी की जाएगी।

# कैट ने भेंट कर प्रमुख लोकायुक्त को दी बधाई



**रायपुर 31 अगस्त।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी के नेतृत्व में टीम कैट का एक प्रतिनिधी मंडल छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) माननीय श्री इंदर सिंह उबोवेजा जी से सौजन्य मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि भारतवर्ष में लोकपाल जैसी संस्था स्थापित किये जाने की आवश्यकता बार बार महसूस की जा रही थी। प्रशासनिक सुधार आयोग ने अक्टूबर 1966 में प्रस्तुत किये गए अपने प्रतिवेदन में भारतीय नागरिको की होने वाली समस्याओं का समाधान करने की कठिनाई के अंतर्गत प्रशासनिक भ्रष्टाचार, कुप्रशासन, अवचार के संबंध में कमी, असफलताये तथा प्रशासन के आपेक्षित मापदंडो में ईमानदारी और क्षमता की कमी के सम्बन्ध में उपचार के बारे में प्रस्तुत की गयी। तथ्यों के विश्लेषण के उपरांत भारतीय नागरिको को उपरोक्त समस्याओं के निदान के लिए उपलब्ध व्यवस्था और उसके स्थान पर नई व्यवस्था प्रस्तुत करने पर भी विचार किया गया। जिसमें लोकायुक्त कि नियुक्ति का प्रावधान किया गया।

माननीय श्री इंदर सिंह उबोवेजा जी से मुलाकात में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्यरूप से उपस्थित रहे - अमर पारवानी, मगेलाल मालू, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्दर सिंह, भरत जैन, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, महेश जेठानी, नरेश पाटनी, विजय जैन, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी एवं शैलेन्द्र शुक्ला आदि ।

# जंगल सफारी में मनाया गया बाघों का जन्मदिन

**रायपुर, 31 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ के रायपुर के नंदनवन जंगल सफारी में बाघिन 'बिजली' के चार शावकों का पहला जन्मदिन 29 अगस्त 2004 को धूमधाम से मनाया गया। जंगल सफारी में इन शावकों का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। बतादें कि जंगल सफारी में बाघिन बिजली ने पिछले साल 29 अगस्त को चार शावकों को जन्म दिया था। बाघिन के चारों शावकों के जन्मदिन को रायपुर के जंगल सफारी में जश्न के रूप में मनाया गया। शावकों के बर्थडे के मौके पर जंगल सफारी में शानदार आयोजन किया गया। जंगल सफारी के निदेशक धम्मशील गणवीर की मौजूदगी में केक भी काटा गया। शावकों के लिए बर्थडे केक विशेष रूप से डिजाइन किया गया था, जिस पर शावकों की तस्वीरें बनाई गई थी। लोगों को जागरूक करने शावकों का मनाया गया जन्मदिन इस मौके पर धम्मशील गणवीर ने कहा, सफारी में जिन बाघ शावकों का जन्मदिन मनाया गया, वो मादा बाघ बिजली के बच्चे हैं। उन्होंने बताया, बाघ के संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करने शावकों का जन्मदिन मनाया गया। इसके लिए एक-एक कर सभी शावकों को एक छोटे पिंजरे में लाया गया। इसके बाद केट काटकर सफारी कर्मियों ने शावकों का जन्मदिन सेलिब्रेट किया।

# ग्रामीण विस्तार अधिकारी के पद पर नियुक्ति का आश्वासन

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 31 अगस्त।** राज्य के कृषि मंत्री से शिक्षित बेरोजगारों ने ग्रामीण विस्तार सेवा अधिकारी के पद पर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग की है। शासन से मांग की है कि इस पद की संख्या बढ़ाई जाए। राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने शिक्षित बेरोजगारों के आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही नियुक्ति दिलाने का प्रयास करेंगे।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के नेतृत्व में शिक्षित बेरोजगारों का एक प्रतिनिधिमंडल मिलने पहुंचा। शिक्षित बेरोजगारों ने बताया कि उन्होंने राज्य शासन के व्यापमं द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा दी है। वे ग्रामीण विस्तार सेवा अधिकारी पद के परिणाम आने के बाद अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। कृषि मंत्री से उन्होंने अनुरोध किया कि उन्हें शीघ्र ही नियुक्ति प्रदान कर दी जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आनंद पवार ने बताया कि प्रदेश में बेरोजगारी का आलम है इसलिए शिक्षित बेरोजगारों को तत्काल नौकरी देनी चाहिए।

शिक्षित बेरोजगारों ने कृषि मंत्री से अनुरोध किया है कि व्यापमं द्वारा सीमित पद ही विज्ञापित किए गए हैं। इन पदों की संख्या भी बढ़ाई जाए। इसमें विभिन्न वर्गों को भी आरक्षण देने का प्रयास किया जाए। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि चूंकि यह परीक्षा व्यापमं द्वारा ली गई है। विभाग द्वारा चयन सूची का परीक्षण किया जा रहा है। गुण-दोष के आधार पर ही सभी को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। जहां तक पद बढ़ाने का सवाल है यह प्रक्रिया वित्त विभाग द्वारा की जाती है। बिना रोस्टर के आरक्षण का पालन नहीं करने पर कोर्ट द्वारा स्टे आर्डर दे दिया जाता है इसलिए सरकार द्वारा कोई भी निर्णय गहन परीक्षण के पश्चात लिया जाएगा। कृषि मंत्री रामविचार नेताम जीई रोड स्थित मंडी बोर्ड के कार्यालय में लोगों से मिलते हैं। इस समय उनके विभागों में अमानक खाद-बीज को लेकर व्यापक शिकायतें आ रही है। भारसाधक मंत्री द्वारा सभी जिलों से इसकी रिपोर्ट संकलित की जा रही है। बीज विकास निगम को प्रमाणिक बीज देने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में शासन को घाटा होता है लेकिन सरकार उत्पादन बढ़ाने के लिए यह कार्य कर रही है।

# औद्योगिक कॉरिडोर में छग को शामिल करने की मांग

**रायपुर 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर ने पत्र के माध्यम से केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री माननीय श्री पीयूष गोयल जी से नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित करने हेतु निवेदन किया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि भारत को वैश्विक स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत देश के विभिन्न राज्यों में 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना का निर्णय लिया गया है जो प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन 2047 तक विकसित भारत बनाने के परिकल्पना को पूर्ण करेगा। श्री पारवानी ने केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री जी से निवेदन किया कि नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ को भी शामिल करते हुए छत्तीसगढ़ में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना की जाए।

श्री पारवानी ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ अपने भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक खनिज संपदा जैसे-लौह अयस्क, कोयला, जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि से परिपूर्ण तथा विशाल जनशक्ति होने के कारण नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो भारत को एक मजबूत प्रतिस्पर्धी के रूप में स्थापित करते हुए एनआईसीडीपी आबंटन के लिये तत्काल उपलब्ध उन्नत विकसित भूमि प्रदान करेगा जिससे घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिये विनिर्माण इकाईयां स्थापित करना आसान हो जायेगा।

छत्तीसगढ़ में अनेक संभावनाएं हैं तथा मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए उपरोक्त समस्त संसाधन यहां प्रचुर मात्रा में प्रमुख रूप से उपलब्ध हैं। छत्तीसगढ़ में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के बनने से उत्पादकता में वृद्धि होगी, बड़ी मात्रा में नवीन रोजगारों का सृजन होगा जो आत्मनिर्भर भारत बनाने के व्यापक उद्देश्य को बढ़ावा देगा।

# परिवहन एसआई भर्ती परीक्षा के एग्जाम के लिए प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर, 31 अगस्त।** 1 सितंबर 2024 को होने वाली परिवहन उप निरीक्षक (तकनीकी) भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक खास खबर है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) ने भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एडमिट कार्ड लिंक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर सक्रिय है। 1 सितंबर 2024 को होने वाली परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट श्चह्यष्.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट सब इंस्पेक्टर (टेक्निकल) के कुल 15 पदों पर भर्ती होनी है। इसके लिए भर्ती अगस्त 2023 में जारी की गई थी। आवेदन के एक साल बाद लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए रायपुर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। सब इंस्पेक्टर भर्ती के दो चरण होते हैं। पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी. यह 300 अंकों के लिए होगा. इसमें दो पेपर होंगे।

# अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के बड़े रैकेट का भांडाफोड़, सरगना समेत 8 गिरफ्तार

**रायपुर, 31 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में अवैध प्रदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अवैध प्रदार्थों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रायगढ़ पुलिस द्वारा गांजा तस्करों के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को कहा था। मुख्यमंत्री द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देशों पर बिलासपुर रेंज आईजी डॉ. संजीव शुक्ला एवं एसपी श्री दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर बीते 28 अगस्त को जूटमिल पुलिस द्वारा कोड़ातराई के पास गांजा रेड की बड़ी कार्यवाही कर एक महिला समेत 05 आरोपी को पकड़ा गया था, जिनसे 175 किलो गांजा, एक अल्टो कार और एक छोटा हाथी पिकअप वाहन (कुल 43 लाख रूपये की संपत्ति) जप्त किया गया था, गिरफ्तार मुख्य आरोपी संतराम खुंटे सक्ती (छत्तीसगढ़) और इनके साथियों से कड़ी पूछताछ की गई। आरोपियों से कड़ी पूछताछ में पुलिस को तस्करों की कार्यप्रणाली और गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर डॉ संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस एवं बिलासपुर पुलिस की 5 अलग अलग विशेष टीम बनाई गई जिन्हें अलग-अलग लोकेशन में रवाना किया गया, पुलिस टीमों ने सूझबूझ और अपनी व्यावसायिक क्षमता का बखूबी परिचय देते हुए जिला बउत (ओडिशा), जिला बिलासपुर, ग्राम पिहरीद व ग्राम चारपारा जिला सक्ती (छ.ग.) में दबिश देकर गिरोह के संपूर्ण नेटवर्क को ध्वस्त किया।

# श्री राधा-कृष्ण की निकाली गई शोभायात्रा



**रायपुर 31 अगस्त।** कलश यात्रा राज मुख्यालय भवन महादेव घाट रायपुर से निकाली गई शोभा यात्रा के प्रारंभ में यादवों के ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी की विधि विधान से राज ठेठवार श्रीकांत यदु एवं समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात फूलों की वर्षा के साथ श्री कृष्ण जी की घोड़े वाली रथ आगे बढ़ी, विशाल समाजजन हाथों में पीला ध्वज लेकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाते हुए एक से बढ़कर एक दोहे कहकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज की महिलाओं ने रथ के आगे कलश लेकर शोभा यात्रा की शान बढ़ा रहे थे, सभी ठेठवार जन पटाखे एवं आतिशबाजी कर थिरकने पर मजबूर हो गए द्य रायपुरा चौक पर समाज के पूर्व महासचिव नरेश यादव जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी का स्वरूप धारण किए हुए बच्चों से मटकी फोड़ करवाकर माहौल को भक्तिमय में बना दिया द्य शोभायात्रा के सामाजिक भवन पहुंचने पर वहां मुड़पार से आए कलाकारों ने एक से एक शौर्य प्रदर्शन किया एवं भवन में भी मटकी फोड़ किया गयाद्य शोभा यात्रा कार्यक्रम में राज ठेठवार श्रीकांत यदु, समाज के अध्यक्ष संतोष यदु, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश यादव, महासचिव मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष शोभाराम यदु, युवा प्रकोष्ठ महासचिव महतोष यादव, बंशीलाल यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गंगोत्री यदु, महासचिव केशरी यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी यदु, रायपुर महानगर संरक्षक डॉ. रेवाराम यदु, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष परमानंद यादव, रायपुर हृदय राम यदु, आत्माराम यदु , नरेश यादव प्रवीण यादव, राज उपाध्यक्ष नवीन यदु, नेतराम यादव, प्रताप यदु, हीराराम यादव, विजय यदु धर्मेंद्र यदु, डॉ. इतवारी राम यादव, उधो राम यदु, कुलेश्वर यादव रघुनंदन यादव, रामस्वरूप यादव, सचिव युगल यदु ,डॉ. इंद्रदेव यदु, कुंज बिहारी यदु, गजानंद यादव, धनेश यादव, रुपेश यादव शशिकांत यदु, गज्जू यादव, सूर्यकांत यदु , बसंत यदु, नीतीश यदु, उपकोषाध्यक्ष लव यदु, चुम्मन यादव, बालेंद्र यदु, दिलीप यादव, यशवंत यादव, देवचंद यादव, कार्यालय सचिव करण यदु, राहुल यदु, बल्लू यादव, अमृत लाल यादव, महानगर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजनी यदु, महासचिव किरण यदु, कोषाध्यक्ष माया यदु, अन्नपूर्णा यदु सरला यादव सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक जन मौजूद रहे द्य मंच संचालन कार्य गजानंद यादव ने की , उक्त जानकारी समाज के उपाध्यक्ष नवीन यदु ने दी ।

## मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को गुलाब का फूल और गेट वेल सून का कार्ड भेजा

# एनएसयूआई का गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन



**रायपुर 31 अगस्त।** बलौदाबाजार हिंसा घटना में अपनी प्रशासनिक असफलता को छुपाने हेतु सतनामी समाज के निर्दोष लोगों व भिलाई से कांग्रेस पार्टी के युवा विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, आरंग विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्ष अजीत कोशले और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे केसो में फंसा कर जेल भेजा के विरोध में एनएसयूआई पूरे प्रदेश में लगातार आन्दोलन कर रही है उसी क्रम में आजएनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को गुलाब का फूल एवं गेट वेल सून का कार्ड देने गए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नगर निगम के सामने रोक दिया। हस्र्द्व कार्यकर्ताओं ने रघुपति राघव राजा राम का भजन कर सड़क पर शांतिपूर्वक बैठ गए।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की सुरक्षा में हुई सेंध के विरोध में आयोजित धरना व शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपने जा रहे एनएसयूआई व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के ऊपर विष्णुदेव साय सरकार ने बर्बरतापूर्वक लाठिया भांजी व उन्हें गंभीर रूप से घायल किया। सभी घटना क्रम भाजपा सरकार की कांग्रेस पार्टी के प्रति नफरत, द्वेष वा उनकी मानसिक दिवालियापन को दर्शाती है। हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता महात्मा गांधी जी की विचारधाराओं को मानने वाले लोग है। हम, हमारे नेता राहुल गांधी जी के मोहबब्त की दुकान खोलने वाले संदेश को लेकर चलने वाले लोग है इस लिए इस सरकार की दमनकारी नीतियों का हम छत्तीसगढ़ एनएसयूआई गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज करवाया है। विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, जिला अध्यक्ष शहर शान्तनु झा, जिला अध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी, प्रदेश मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, विकास राजपूताना, विशाल कुकरेजा, अंकित पांडेय, तारीक खान, वैभव मूँजेवार, रजत ठाकुर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, पुनेश्वर लहरे, शुभम् शर्मा, सेवा साहू, आशीष तिवारी अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वेटिंग का झंझट होगा खत्म, ट्रेनों में लगाए जाएंगे एक्स्ट्रा कोच

**रायपुर, 31 अगस्त ।** ऑफसीजन में भी इन दिनों ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। दोनों श्रेणी स्लीपर और एसी कोच की एक जैसी स्थिति है। ऐसे में लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग हमेशा 100 के करीब बनी हुई है। इसे देखते हुए रेलवे प्रशासन ने मुख्य रूप से दो प्रमुख ट्रेनों इंदौर से पुरी और विशाखापट्टनम से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच की सुविधा मुहैया कराने जा रहा है। इसके जरिए यात्रियों के वेटिंग टिकट कंफर्म होंगे। ये दोनों एक्सप्रेस ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलती हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी-3 कोच व एक स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से मिल रही है। इसी तरह बिलासपुर स्टेशन से कटनी रेल लाइन से होकर चलने वाली विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस में भी एक स्लीपर और एक एसी-3 इकानमी कोच की सुविधा विशाखापटनम से तीन सितंबर से और अमृतसर तरफ से सात सितंबर से और इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस, पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में भी उपलब्ध कराया गया है। इससे इन दोनों ट्रेनों के दोनों तरफ के यात्रियों को कंफर्म टिकट मिल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सके इसलिए रेलवे लगातार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगा रहा है। इसी कड़ी में विशाखापट्नम-अमृतसर-विशाखापट्नम हीराकुंड एक्सप्रेस इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगने से 640 यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26